दैनिक


# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

वर्ष-3, अंक-56
इन्दौर शनिवार
24 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभव से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।



चाणक्य


प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


# लहार में स्थापित होगा नया औद्योगिक केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लहार में नया औद्योगिक केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही मछण्ड और असवार क्षेत्र को नगर परिषद बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। दूसरी ओर किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान और कृषि हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं। किसान को फसलों का उचित दाम मिले और फसल बर्बाद न हो, इसके लिए प्रदेश में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भिंड जिले के लहार में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने शौर्य की गाथा लिखी है। भिंड के घर-घर से निकले जवान मां भारती की रक्षा में सीमाओं पर तैनात हैं। चंबल की धरती के सपूत लंबे समय से बॉर्डर पर दुश्मन का खात्मा करते आ रहे हैं। लहार का गौरवशाली अतीत महाभारत काल से भी जुड़ता है। ऐसा माना जाता है कि लहार में ही पांडवों के खिलाफ षड्यंत्र रचते हुए लाक्षागृह बनवाया गया था। भिंड वो धरती है, जहां कभी किसी के साथ अन्याय नहीं हो सकता है। वो दिन लद गए जब चंबल क्षेत्र में दस्युओं का डर दिखाकर लोगों पर अत्याचार होते थे। अब भिंड की जनता ने परिवर्तन का रास्ता चुना है। मध्यप्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र के



विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित है। यहां जनता का प्रेम और आत्मीयता से मन भाव-विभोर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का 300वां जयंती वर्ष चल रहा है। भिंड जिले के आलमपुर का कॉलेज अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड में विकास को गति प्रदान करते हुए 117 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 33 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 17 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का सिंचित क्षेत्र वर्तमान में 55 लाख हेक्टेयर है, इसे निकट भविष्य में 100 लाख हेक्टेयर तक लेकर जाएंगे। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए नदी जोड़ो परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है। राजस्थान के साथ पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना को 40 साल बाद मंजूरी मिली है। लगभग 70 हजार करोड़ की लागत से इस परियोजना का कार्य जारी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा, (एजेंसी)।** छत्तीसगढ के सुकमा जिले में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को एक नक्सली मारा गया और इलाके में गोलीबारी जारी है। पुलिस के अनुसार जिले के किष्टाराम क्षेत्र से गुरुवार को जिला रिजर्व पुलिस बल, आर्म्स एक्ट फोर्स तथा कोबरा बटालियन के जवान नक्सली विरोधी अभियान पर निकले थे। पुलिस एवं सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच कल रात से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।

### कार के पलटने से तीन युवकों की मौत

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बैरागढ़ में चिरायु अस्पताल के पास एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से तीन युवकों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि बैरागढ़ क्षेत्र में स्थित चिरायु अस्पताल के पास कल देर रात एक कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

### इंडोनेशिया व नेपाल में भूकंप के झटके

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में तथा नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गयी जबकि नेपाल में इसकी तीव्रता 4.3 मापी गयी। इस हादसे में कई लोग घायल भी हो गए और कुछ घरों को नुकसान भी पहुंचा, लेकिन समुद्र में बड़ी लहरें नहीं उठीं।

### अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं :ईरान

**तेहरान।** ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा।

ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा ÷हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा।

# मंत्री विजय शाह ने तीसरी बार मांगी माफी

## कहा- यह भाषाई भूल थी, मैं बहन सोफिया और देश से माफी मांगता हूं

**भोपाल।** सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताने वाले एमपी के मंत्री कुंवर विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है।



उन्होंने कहा- ये मेरी भाषाई भूल थी। इसके लिए मैं बहन सोफिया कुरैशी और देशवासियों से माफी मांगता हूं। मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि किसी को ठेस पहुंचाना मेरा उद्देश्य नहीं था। भूल वश कहे शब्दों के लिए फिर से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। मंत्री विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर उन पर एफआईआर दर्ज की गई थी। शाह ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी माफी को नामंजूर कर उनके बयान को लेकर एसआईटी गठित कर जांच के आदेश दे दिए है। जिसके बाद तीन सदस्यीय एसआईटी मामले की जांच में जुटी है।

# राहुल गांधी के डीयू छात्र संघ कार्यालय पहुंचने को विवि ने बताया प्रोटोकॉल का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विवि के अध्यक्ष और संयुक्त सचिव से मुलाकात की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की। कुछ देर डूसू कार्यालय में बिताने के बाद राहुल गांधी वहां से रवाना हो गए। इस पर दिल्ली विश्वविद्यालय ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे संस्थागत प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया। डीयू की प्रॉक्टर ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जब तक राहुल गांधी यहां रहे, उसे सुरक्षा घेरे में ले लिया गया और किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं थी। यहां तक कि निर्वाचित डूसू सचिव को भी जाने से रोक दिया गया। एक घटना का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय ने कहा कि कुछ छात्रों को डूसू सचिव के कमरे में बंद कर दिया गया और एनएसयूआई से संबंधित छात्रों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। मीडिया रिपोर्ट में बयान के मुताबिक यह कार्रवाई तब हुई जब डूसू सचिव बाहर खड़ी थीं और अंदर जाने की कोशिश कर रहे थीं। प्रॉक्टर ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय ऐसी कार्रवाई की निंदा करता है ।

# बच्चों में लगी सट्टेबाजी ऐप्स की लत, अब तक कई लोग गवां चुके हैं जान

## सुप्रीम कोर्ट ने दायर याचिका पर कहा- लोग स्वेच्छा से कर रहे ये काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के बढ़ते प्रचलन से बच्चों और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों में सट्टेबाजी की लत लग रही जिससे माता-पिता टेंशन में हैं।

इस चक्कर में कई बच्चे अपनी जान भी गंवा चुके हैं। अब इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें इन ऐप्स के खिलाफ कड़ा कानून बनाने और उन्हें नियंत्रित करने की मांग की



गई है। यह याचिका एक समाजसेवी ने दायर की है। इस याचिका में उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी ऐप्स मासूमों को इसकी लत लगा रहे हैं।

उन्होंने कोर्ट में कहा कि मैं उन लाखों माता-पिता की ओर से बोल रहा हूं जिनके बच्चे इस ऐप्स के चलते अपनी जान गवां चुके हैं। सिर्फ तेलंगाना में ही 1023 लोगों ने आत्महत्या की है। 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड से जुड़े प्रभावशाली लोग इन ऐप्स को प्रमोट कर रहे हैं और मासूमों की जिंदगी खतरे में डाल रहे हैं।

# पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (FATF) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए FATF के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। न्यूज एजेंसी PTI ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है। सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें FATF की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है।

# निर्मला सीतारमण के खिलाफ केस

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने भेजा नोटिस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने कल आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की पत्नी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के एसीजेएम पारस दलाल ने सीतारमण को 12 जून को दोपहर 12:30 बजे के लिए नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि मामला संज्ञान के चरण में है और धारा 223 बीएनएसएस के पहले प्रावधान के अनुपालन में, प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता लिपिका मित्रा ने बीएनएस, 2023 की धारा 356(1) और 356(2) के तहत अपराध करने का आरोप लगाते हुए आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया है।

## गिरफ्तार कथित जासूस तुफैल

# पाकिस्तान के 600 मोबाइल नंबरों पर भेजता था भारत का इनपुट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी और भारत से गद्दारी करने वालों की कमी नहीं है। ऐसा ही एक पाक प्रेमी कथित जासूस दबोचा गया है, जिसके पास पाकिस्तान के 600 मोबाइल नंबर मिले हैं जिस पर भारत का इनपुट शेयर किया जाता था। गिरफ्तार किए गए जासूस मो. तुफैल के मोबाइल से एटीएस को राष्ट्रविरोधी वीडियो, मैसेज, फोटो, मिले हैं। प्रयागराज में बस कंडक्टर पर धार्मिक नारेबाजी कर हमले से वह खासा प्रभावित था। अक्सर वह प्रयागराज की घटना को व्हाट्सएप ग्रुपों पर भेजकर उकसाने वाले संदेश भेजता था। अपने व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाता था। पाकिस्तान के 600 नंबरों से मो. तुफैल के संपर्क में था। तुफैल इनपुट को शेयर करता था। इन नंबरों को एटीएस ने अन्य इंटेलिजेंस इकाइयों को सौंप दिया है। पाकिस्तान में इनकी गतिविधियां क्या है, ये किन-किन संगठनों से जुड़े हैं, पूरा विवरण सामने आएगा। साल 2023 में 24 नवंबर को प्रयागराज के सिविल लाइन से करछना जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा में सवार इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र हाजीगंज सोरांव निवासी लारेब हाशमी ने कॉलेज गेट के सामने किसी बात पर कंडक्टर हरिकेश विश्वकर्मा से विवाद कर लिया था।



# पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में 4 मौतें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 261 नए मामले मिले हैं। केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के छ्ह्1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है।

## केरल में जल्द होगी मॉनसून की दस्तक

# आज से पूरे देश में झमाझम होगी बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी शुक्रवार और शनिवार से पूरे देश में बारिश होने के आसार है। कहीं आज तो कहीं कल से ये सिलसिला शुरु हो जाएगा और करीब तीन दिन तक चलेगा। इससे साथ ही केरल में इस जल्द ही मॉनसून आने के संकेत भी मिल रहे हैं। मौसम विभाग अनुमान है कि इस सप्ताह केरल से लेकर जम्मू और कश्मीर तक बारिश हो सकती है। हालांकि, उत्तर पश्चिम भारत में 3 दिनों के बाद एक बार फिर गर्मी का एहसास हो सकता है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि 23 मई से 26 मई के बीच पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार में बिजली और गरज के साथ हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। 23 से 25 मई के बीच पूर्वी मध्य प्रदेश हवाएं 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। 23 मई को झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, विदर्भ में 24 मई, ओडिशा में 27 और 28 मई भारी बारिश के आसार हैं। 23 मई से 28 मई के बीच उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही गरज के साथ 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।



# ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तानी अधिकारी को भेजती थी वीडियो, मोबाइल से मिले सुराग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ में सामने आया है कि वह पाकिस्तान से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने से पहले इन्हें पाकिस्तान दूतावास के अधिकारी दानिश के पास भेजती थी।

दानिश के निर्देशानुसार वह इनको एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करती थी। माना जा रहा है कि दानिश उन वीडियो को एडिट या डिलीट करवा देता था, जिनसे पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचता हो। वह जांच करता कि पाकिस्तान की सुरक्षा से जुड़ा कोई गोपनीय अंश वीडियो में न जाए।



### चार बैंक खातों में संदिग्ध रकम

ज्योति के मोबाइल से इस तरह के वीडियो भेजे जाने के साक्ष्य पुलिस को मिले हैं। इस बीच पुलिस ज्योति के खातों की जांच कर रही है। उसके खातों में काफी रकम का खुलासा हुआ है। उसके चार बैंक खाते बताए गए हैं।

यह भी पढ़ें- बॉर्डर पर जाने से पहले थार के गांव पहुंची थी यूट्यूबर ज्योति, स्थानीयों से पूछे चौंकाने वाले सवाल

### पड़ोसी और रिश्तेदारों ने बनाई दूरी

ज्योति की ओर से अभी तक केस लड़ने के लिए कोई वकील नियुक्त नहीं किया गया है। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि मेरे पास वकील करने के लिए पैसे नहीं हैं। ज्योति के पिता का कहना है, पिछले पांच दिन से मीडिया और पुलिस के अलावा मेरे घर कोई नहीं आ रहा। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने दूरी बना ली है।

### यात्रा के पैटर्न समझ रही एजेंसियां

पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियां ज्योति की यात्राओं के पैटर्न को समझने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें ज्योति की यात्रा के बाद डाले गए वहां के वीडियो और उन क्षेत्रों में हुई आतंकी घटनाओं के लिंक को जोडने् की कोशिश की जा रही है। ज्योति की किस-किस यात्रा को किसकी स्पॉन्सरशिप मिली? इस सवाल का जवाब अभी पुलिस तलाश रही है।

## सुविचार



परिश्रम के हिसाब से प्रथम श्रेणी के लोग अपना काम करने के बाद शेष समय में दूसरों की मदद करते हैं तो द्वितीय श्रेणी के लोग सिर्फ अपना काम करते हैं। शेष तीसरी श्रेणी के लोग आलसी होते हैं और दूसरों पर बोझ होते हैं ।

**सुभाष चंद्र लखेड़ा, सान होजे, कैलिफ़ोर्निया**

## संपादकीय

# नक्सलवाद पर निर्णायक हमला

देश भर में नक्सली हिंसा का सामना करने और इसे खत्म करने के लिए किए जाने वाले सरकारी दावों के लिहाज से ताजा कार्रवाई को एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। देश में नक्सली हिंसा लंबे समय से एक जटिल समस्या रही है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई स्तर पर मोर्चेबंदी की है और वह अब भी जारी है। मगर सच यह है कि अब भी इस समस्या और इसकी जड़ों से पार पाना एक चुनौती है। हालांकि नक्सली हिंसा का सामना करने के क्रम में पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों को जैसी कामयाबी मिल रही है, उससे कहा जा सकता है कि सरकार इसे खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है और इसी मुताबिक जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई कर रही है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार को सुरक्षा बलों द्वारा सत्ताईस नक्सलियों को मार गिराने की खबर आई। खुफिया जानकारी के बाद घेरेबंदी कर की गई इस कार्रवाई में शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ वसवराजू को भी मार गिराया गया। इसके अलावा, गुरुवार को राज्य के सुकमा जिले में भी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडों की मौत हो गई और मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। जाहिर है, देश भर में नक्सली हिंसा का सामना करने और इसे खत्म करने के लिए किए जाने वाले सरकारी दावों के लिहाज से ताजा कार्रवाई को एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसलिए भी कि पिछले कुछ वर्षों से नक्सल विरोधी अभियान में तेजी के साथ छिटपुट स्तर पर नक्सलियों को या तो मार गिराने या फिर उनका समर्पण कराने में सरकार को लगातार सफलता मिल रही थी। मगर इस बार के मुठभेड़ को सरकार ज्यादा अहम इसलिए मान रही है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तीन दशकों के दौरान यह पहली बार है जब सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष स्तर के किसी नेता को मारा है। ताजा अभियान के तहत हाल के दिनों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में चौवन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और चौरासी ने आत्मसमर्पण कर दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ इस वर्ष अब तक एक सौ अस्सी से ज्यादा माओवादी मारे गए और कई सौ ने आत्मसमर्पण भी किया। निश्चित तौर पर नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, आत्मसमर्पण और उनकी गिरफ्तारी को प्रत्यक्ष नक्सली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा सकता है। मगर इस समस्या की जड़ें सामाजिक-आर्थिक कारणों में भी छिपी हैं। इसलिए प्रत्यक्ष कार्रवाई के साथ-साथ उनके समाधान या उन्हें दूर करने के लिए भी एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जरूरत है। मसलन,

## जी हाँ ! मैं असहाय हूँ !! कौन हूँ मैं?



इस मैं मे सिर्फ मैं नही हूँ, इस मैं में हम भी हैं, इस मैं में तुम भी हो, इस मैं में आम भी है, इस मैं में खास भी है, इस मैं में समाज भी है उसके ठेकेदार भी है, इस मैं मे प्रशासन भी है और सरकार भी है यह मैं अनंत है और इसकी कमजोरियों का कोई अंत नहीं ।।एक विकासशील भारत से विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों के नीचे विभत्सता के ऐसे अमानवीय अपराधों के खूनी निशां और दरिंदगी की सारी सीमाएं लाँघती हुई इन बेखौफ़ असमाजिक तत्वों की हैवानियत से रचित ये बदसूरत तस्वीर यदि है तो नही बनना मुझे विश्वगुरु ।। खंडहरो की शांति बता रही है की जीवन खत्म हो चुका है, कुचले हुए जिस्मो मे आत्माएं सिसक रही है, । कि ज़मी पर दूर दूर तक प्रेत आत्माएं भी आने से डरेंगी , इतनी भयानक त्रासदी हवा के परिंदो ने भी देखी है इंसानो के साथ साथ। किस शहर का नाम लिखु, किस बच्ची का जिक्र करू, हे मेरे महाकाल! ख्याल भी आता है तो रूह काँप जाती है, रौंगटे खड़े हो जाते है , डरता हूँ सुबह अखबार खोलने से कि कब ? कहाँ ? कौन ? दरिंदा अपनी परवरीश को सूली पर लटका कर अपनी खोखली कीड़े लगी हुई मानसिकता के मद मे चूर हो किसी मासूम को हवस का शिकार बना रहा होगा।। खबरे तो अखबारों मे , टीवी मे बहुत पढ़ी और देखी कि कब ,कहाँ ,कैसे , किसने और किसके साथ क्या किया ।पर अफ़सोस कभी ऐसे असुरों का अंजाम ना सुन पाये ना देख पाये।। हमारी लाचार और पंगु हो चुकी न्याय व्यवस्था अपने वजूद की हस्ती के लिए गुहार लगाती देखी जा सकती है।एक रिपोर्ट के अनुसार बलात्कार्‌ भारत में महिलाओं के खिलाफ चौथा सबसे आम अपराध है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2021 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार , देश भर में 31,677 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए, या औसतन 86 मामले प्रतिदिन, 2020 के 28,046 मामलों से वृद्धि हुई, जबकि 2019 में 32,033 मामले दर्ज किए गए थे। कुल 31,677 बलात्कार के मामलों में से 28,147 ( लगभग 89त्न ) बलात्कार पीड़िता के परिचित व्यक्तियों द्वारा किए गए थे। आखिर क्या कारण कि देश की साँसे सिसक रही है कही ये तो नही कि किसी को रुपयों की तो किसी को जिस्मों की भूख है तो किसी को विलासिता का शौक है , किसी को रईसों से ईर्षा तो किसी को गरीबी का डर है ।।और भी इस अनेकोंअनेक कारण होंगे जो अपारदृशी होंगे मगर उस व्यक्ति की नीयत और वजूद को हिलाने के लिए पर्याप्त होंगे।इन सबसे भी वृहद जो एक वजह है वो हे नशा खोरी जो अब सिर्फ सिग्रेट और शराब् तक सीमित नही वो ड्रग्स के साये मे जकड़े जा चुके हैं। सबसे ऊपर आज का वर्तमान ओ टी टी प्लेटफॉर्म जो बिना किसी सेंसर के कम उम्र के युवा होते समाज को बाल्यावस्था से सीधा यौवनवस्था मे गलत मानसिकता लेकर भेज रहा है , जहाँ संवाद चुनना पड़ते है गालियों के बीच मे से एसे मॉडर्न समाज को हम सभी मुस्कराते हुए सहज स्वीकार कर रहे हैं।।हाँ ये मे भी हूँ और ये आप भी हैं जो इस वक्त पढ़ रहे हैं, क्या आप रोक पाए हैं अपने बच्चों को ।

**!!संस्कार ही अपराध रोक सकते हैं सरकार नहीं !!**

**सचिन वर्मा**

# असमंजसता से जूझती भारतीय विदेश नीति परंपरागत विदेश नीति की तरफ़ लौटने की जरूरत

सैंतालीस में भारत के आजाद होने के समय विश्व परिदृश्य वह नहीं था जो उससे एक दशक पहले था। अब द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो चुका था। जर्मनी, इटली और जापान को शक्ति हीन कर दिया गया था। अमरीका के नेतृत्व में पश्चिमी राष्ट्रों का एक शक्तिशाली समूह अस्तित्व में आया तो उधर सोवियत संघ के नेतृत्व में साम्यवादी देशों ने एक जगह बना ली। चीन, भारत, कोरिया, वियतनाम और अफ्रीका क्षेत्र के कुछ देश ताजा ताजा उभर कर आ रहे थे और इस क्रम में अपनी जगह बनाने में जूझ रहे थे। ऐसे में द्विध्रुवीय राजनीतिक विश्व में किसी ताजा ताजा स्वतंत्र हुए देश को अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने में एक सुगठित एवं सुविचारित विदेश नीति की आवश्यकता थी और यही सुविचारित नीति भारत में गुटनिरपेक्ष विदेश नीति के रूप में सामने आयी। भारत ने निर्णय किया कि वो समान विचार वाले देशों के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष देशों का विशिष्ट समूह बनायेगा जो तत्कालीन शीतयुद्ध के दौरान बने दोनों खेमों से बराबरी का संबंध तो रखेगा किंतु किसी खेमे में शामिल नहीं होगा। मिश्र, क्यूबा, ब्राजील, युगोस्लाविया जैसे बड़े देश इस विचारधारा में शामिल हुए।? इस नीति से विश्व में भारत की और भारत के राजनेताओं की प्रतिष्ठा बढ़ी। अमरीका और ब्रिटेन के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों के समूह को भारत की यह गुटनिरपेक्ष विदेश नीति रास नहीं आ रही थी और उन्होंने भारत विरोधी रवैया अपना कर अनेक द्विपक्षीय या बहुपक्षीय मामलों में भारत का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष विरोध करना आरम्भ कर दिया। पाकिस्तान उनका इस मामले में एक प्रमुख हथियार बन गया। 1948 और 1965, 1971 के युद्ध में प्रत्येक स्तर पर इन देशों ने पाकिस्तान का साथ दिया। उधर सोवियत संघ वाले साम्यवादी देशों के समूह ने ना केवल गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रशंसा की अपितु अनेक मामलों में सोवियत संघ ने सुरक्षा परिषद में भारत के समर्थन में वीटो भी किया। जब चीन भारत और भारत पाकिस्तान संघर्ष आरम्भ हुआ तो अमरीका और ब्रिटेन ने भारत को हथियार देने से मना कर दिया जिसके कारण भारत को अधिकांश हथियार रियायती दरों पर रूस से मिले और आज तक मिल रहे हैं। 1971 के बंगलादेश युद्ध के दौरान जहां अमरीका भारत के विरोध में अपना जहाजी बेड़ा तक भेजने की सीमा में जा चुका था वहीं सोवियत संघ और गुटनिरपेक्ष देशों ने ना केवल भारत को समर्थन दिया अपितु बंगलादेश को मान्यता देने में भी आगे रहे। इसी दौरान इंदिरा गांधी ने विश्व की परिस्थितियों को देखते हुए भारत के हित में सोवियत रूस से एक तीस वर्षीय सुरक्षा संधि की जिसके बाद पश्चिमी देश भारत पर यह आरोप लगाने लगे कि भारत अपनी गुटनिरपेक्षता वाली



नीति से हट रहा है। 1977-1978 में जब अटल बिहारी वाजपेई विदेश मंत्री थे तब उन्होंने हल्की सी कोशिश की थी रूस को छोड़कर चीन और अमेरिका की तरफ़ देखने की लेकिन आंतरिक विरोध के चलते कर नहीं पाये। बहुत बाद में जब उनके प्रधानमंत्री काल में जसवंत सिंह विदेश मंत्री बने तब भारत अमरीका की तरफ़ बहुत तेजी से जाने लगा था। लेकिन कमोबेश भारत की यह परंपरागत गुटनिरपेक्ष नीति 2004 तक ढ़ीले ढ़ाले रूप में चलती रही जब तक कि मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनकर नहीं आ गये। मनमोहन सिंह अपनी विश्वबैंक वाली विरासत से बंधकर भारत को आर्थिक उदारीकरण की तरफ़ ले जाने लगे जिसका परिचय उनके पूर्ववर्ती नरसिम्हा राव ने करवाया था और जिसका एक अनिवार्य हिस्सा था भारत को अमरीका की तरफ़ ले चलना। मोंटेक सिंह अहलूवालिया आदि अर्थशास्त्री को अपनी सरकार के साथ जोड़कर उन्होंने इस प्रक्रिया में तेजी लाई। यही वो समय था जब भारत की विदेश नीति में रूस और गुटनिरपेक्ष देशों की अहमियत कम होने लगी और इसी अनुपात में भारत को विभिन्न देशों से मिल रहे समर्थन में भी कमी आती गई। अमरीका से परमाणु समझौते के बाद तो इस अमरीकी झुकाव के बारे में कोई संदेह ही नहीं रह गया था। हालांकि यह भी हक़ीक़त है कि विश्व अर्थव्यवस्था में अमरीकी प्रभुत्व को दृष्टिगत रखते हुए अमरीका से दोस्ती भी बेहद जरूरी थी। लेकिन दुर्भाग्यवश भारत ने इस दोस्ती को रूस से दूरी बनाने का जरिया बना दिया और एक बार जब रूस भारत से कुछ दूर हो गया तो अंतरराष्ट्रीय विवादों में हम अकेले पड़ते गये। हां चीन से रिश्तों के मामले में भारत अपनी सफल परंपरागत नीति पर चलता रहा जिसमें ना तो चीन से दोस्ती और ना दुश्मनी तथा उसकी उपेक्षा का सिद्धांत था। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार आयी और उसने भारतीय विदेश नीति की परंपरागत धारा को पूर्ण रूप से उलट दिया। अब उसकी नीति अमरीका और चीन आधारित हो गई थी जिसमें रूस, गुटनिरपेक्ष देश और पड़ौसी देशों का कोई स्थान नहीं था। विदेश मंत्रालय के लिए ये सब देश केवल प्रधानमंत्री के औपचारिक दौरों तक का ही महत्व रखते थे। उसके आगे नहीं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने विभिन्न देशों के साथ सैद्धांतिक एवं ज़मीनी संबंध प्रगाढ़ करने की जगह निजी संबंधों को ही प्रगाढ़ करने को अपनी सफलता माना और यहीं गच्चा खा गये। किसी भी राष्ट्र के लिए अपने देश के हित प्राथमिक होते हैं निजी संबंध नहीं। पड़ौसी देशों के प्रति उपेक्षा और बड़प्पन के भाव के कारण ही भारतीय विदेश नीति वहां की सरकारों को अपना मित्र बनाने में असफल हो गई जिसके परिणामस्वरूप आज दक्षिणी एशिया के हमारे सभी पड़ोसी देश चीन, अमरीका और पाकिस्तान को भारत की अपेक्षा अधिक तरजीह दे रहे हैं। हमारा ख़ुफ़िया तंत्र भी बंगलादेश, मालदीव, नेपाल में परिस्थितियों को आंकने और उन्हें प्रभावित करने में नाकाम रहा। वहां एक के बाद एक भारत विरोधी सरकारें सत्ता में आती रहीं। नवीनतम उदाहरण बंगलादेश है। मोदी सरकार ने अनावश्यक रूप से चीन को तरजीह देने का काम किया जिसके कारण वर्षों से खामोश पड़ा चीन एकाएक व्यापार और सीमा पर सक्रिय हो उठा और हमारे लिए परेशानी का कारण बन गया। भारतीय विदेश मंत्रालय चीन के द्वारा सीमा अतिक्रमण पर या तो चुप्पी साधे रहा या टूटे फ़ूटे शब्दों में और रक्षात्मक होकर अपनी बात कहता रहा। यह विदेशनीति और कूटनीति के विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय है कि नब्बे से ज्यादा देशों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दौरा करने के बाद भी आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के साथ खड़ा होने वाला एक भी देश नहीं है, इजरायल को छोड़कर।

भारत ने बहुविकल्पी उद्देश्यों के तहत् जी 7, सार्क, क्वाड, शंघाई सहयोग संगठन आदि बहुराष्ट्रीय संगठन ज्वाइन कर रखे हैं जिनमें अलग अलग नीतियों वाले देश शामिल हैं। भारत आज विश्वास से यह नहीं कह सकता कि इनमें से कोई देश यूएनओ या अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुले में भारत का समर्थन कर पायेगा। फिर यह कैसा सहयोग। इनमें से कोई संगठन चीन को रोकने के लिए, कोई अमरीका को रोकने के अप्रत्यक्ष उद्देश्य के लिए बना हुआ है। भारत को इनसे कोई टैक्टिकल लाभ होने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को हजारों करोड़ रुपए का बेलआउट पैकेज दिलवाने में ये सभी देश एकमत थे। भारत यहां दुर्भाग्यपूर्ण ढ़ंग से अकेला पड़ गया था। पहलगाम आतंकी घटना के बाद से भारत ने पाकिस्तान पर सीधा आरोप लगाया कि वह अपने यहां ठिकाना बनाये हुए लश्कर-ए-तैयबा के अग्रिम संगठन टीआरएफ के माध्यम से कश्मीर में आतंकवाद फैला रहा है। परंपरा के अनुसरण में विश्व के अधिकांश देशों ने इस घटना की तो निन्दा की और शोक भी व्यक्त किया लेकिन भारत द्वारा पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराने के आरोप पर किसी भी देश ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यहां तक कि रूस ने भी। अधिकांश देशों ने भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू पर रख कर दोनों को आपस में तनाव ना बढ़ाने का उपदेश दे दिया। यहीं से भारतीय विदेश नीति के संचालकों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगीं। रही सही कसर चीन, अज़रबैजान और तुर्की ने पाकिस्तान के साथ खुले में खड़े होने की घोषणा करके निकाल दी।

अब बारी थी अमरीका की। जैसे ही भारतीय सेना पाकिस्तानी ठिकानों को नष्ट करने पर आमादा हुई ठीक तभी अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने स्तर पर भारत और पाकिस्तान के युद्धविराम की घोषणा करके भारतीय विदेश नीति का जुलूस निकाल दिया। उस पर पलीता यह कि अमरीका ने यह कार्य व्यापार रोकने की धमकी देकर करवाया है। अब भारत में हंगामा तो होना ही था। भारतीय राष्ट्रवाद को और स्वाभिमान को एक तीसरा देश खुले आम चोट पहुंचा रहा था। कुछ दिनों की चुप्पी के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बगैर किसी देश का नाम लिए धीरे से बोल दिया कि भारत और अमेरिका के मध्य हुई वार्ता में व्यापार का जिक्र नहीं आया था। अब इस वक्तव्य से एक और समस्या उत्पन्न हो गई कि इसका मतलब है भारत पाक संघर्ष में भारत एक तीसरे पक्ष अमरीका से वार्ता कर रहा था। यह भारत की घोषित नीति कि शिमला समझौते के तहत भारत और पाक के मध्य किसी विवाद में कोई तीसरा पक्ष नहीं होगा का स्पष्ट उल्लंघन था। इस पर शक और ज्यादा गहरा हो गया जब ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि वो अब कश्मीर विवाद का हल करेंगे। एक और विवाद स्वयं विदेशमंत्री जयशंकर ने पैदा कर दिया एक न्यूज एजेंसी को साक्षात्कार देकर जिसमें उन्होंने बताया कि आपरेशन सिंदूर के तहत हमला करते समय ही पाकिस्तान को बता दिया गया था कि भारत यह हमला पाक स्थिति आतंकी ठिकानों पर ही कर रहा है। मिलट्री या सिविल ठिकानों पर नहीं। यह एक अटपटा , अपरिपक्व और अस्वीकार्य क़दम था जिसने इस समूचे आपरेशन सिंदूर की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिये। विपक्ष स्वाभाविक रूप से इस पर हमलावर होना ही था। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में और देश विदेश में भी यह संदेश जाने लगा कि भारतीय विदेश नीति मतिभ्रमता का शिकार



है और यह बड़ी चिंताजनक स्थिति समझी जाती है अंतरराष्ट्रीय राजनय में। भारत - पाकिस्तान विवाद में विश्व के अधिकांश देशों ने पाक प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित होने के भारतीय दावे को गंभीरता से नहीं लिया जिसके कारण अब भारतीय विदेश मंत्रालय को अपने पक्ष में विश्व जनमत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संसदीय मंडलों को विभिन्न देशों में भेजे जाने का एक उचित निर्णय लिया गया है। पहले भी कुछ अवसरों पर ऐसा हुआ है। अब सवाल यह है कि क्यों भारतीय विदेश नीति मनमोहन सिंह के समय से ही अपनी धार खोती जा रही है। आखिर विचलन कहां हुआ है। यदि भारतीय विदेश नीति के संचालक गंभीरता से इस विषय पर चिंतन करें तो तीन बातें निकलकर आती हैं। पहला तो यह कि भारत को दृढ़ता से एवं तर्कपूर्ण ढंग से अपनी बात बड़े देशों के सामने रखने में हिचकिचाहट होने लगी है।

दूसरा यह कि भारत की अपने पड़ोसी देशों से दोस्ताना व्यवहार रखने के प्रयासों और मंशा में कमी हुई है और अंतिम यह कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत को खुले समर्थन के लिए एक बड़े देश की आवश्यकता है जो अमरीका और चीन नहीं हो सकते। हां रूस हो सकता है और अतीत में भी उसने कभी हमारा विश्वास नहीं तोड़ा है। भारत को अब फिर से रूस के पास जाना होगा। लब्बोलुआब यह है कि भारत की वो परंपरागत विदेश नीति जिसे नेहरू, इंदिरा और अटल तक ने सफलतापूर्वक अपनाया था जिसमें सभी देशों से बराबरी और सम्मान पूर्ण संबंध बनाये रखे गये थे, की तरफ़ ही वर्तमान और आगे आने वाली सरकारों को लौटना होगा तथा सैन्य या व्यापार धमकियों से दबना भी नहीं होगा । इसके साथ ही पड़ोसी देशों से बराबरी का, अहंकार रहित, कृत्रिम बड़प्पन रहित और मित्रवत व्यवहार पुनर्स्थापित करना होगा। जड़ों की ओर लौट आने में कोई शर्मिंदगी नहीं होती है।

**अरविंद कुमारसंभव**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

# ड्रेनेज सिस्टम वाया पाताल लोक

ज्यादा गर्मी लग रही है, तो घबराईये नहीं। बहुत जल्दी आप ठंढानें वाले हैं। नहीं -नहीं आपको ए. सी. , फ्रीज , या कूलर खरीदने की जरूरत नहीं हैं। नहीं -नहीं आपको एकवाटिका या वाटरपार्क में भी जाने की जरूरत नहीं है। बेवजह आपको पैसे खर्चने की जरूरत नहीं है। अगर आप पत्नीजीवी जीव हैं, तो बात अलग है। लेकिन आप मितव्ययी जीव हैं। और आपको इतनी कम पगार मिलती है, कि आप बहुत मुश्किल से दिन काट रहें हैं। तो ये पैकेज या ये स्कीम आपके लिए ही है।

अगर आप खर्चीले जीव हैं। तो ये जो आइडिया या स्कीम बताने वाला हूँ। ये आपके लिए तो कतई नहीं है। ये ऐसे लोगों के लिए है । जो आम- के - आम गुठलियों के भी दाम कहावत से भलीं-भाँति परिचित हैं। जो मँहगाई का अभी आलम है। और जो हमें सुरसा की तरह निगलने को तैयार है। उससे कुछ हद तक बचाने की स्कीम है। लेकिन , अगर एकवाटिका या वाटर पार्क में जाकर आपको अपना पैसा पानी की तरह बहाना है ,तो बहाईये। लेकिन मैं इसके सख्त खिलाफ हूँ, कि आप ठंढाने के लिए ऐसी जगह जाएँ। वैसे भी कोरोना के काल और इस साल भी मार्च , अप्रैल और मई में वैसी गर्मी कहाँ पड़ी है। जो हमारे समय में कभी पड़ती थी। शरीर पर मार्च -अप्रैल और मई के महीने में फफोले निकल आते थे। रात- रात भर नींद नहीं आती थी। तब बिजली घँटों गायब रहती थी। घर से छत पर जाते। और छत से वापस घर में आते।

दो - दो तीन तीन बार पेशाब , करने जाते , रात में। छत से नीचे उतरकर आते और पानी पीते। फिर सोते , फिर जागते। .रात आँखों में कटती। ये कहावत हमारे जमाने की है। लोग इसको प्रेम के संदर्भ में ले लेते हैं। जी नहीं रात आँखों में कटी का सही मतलब है। या तो आपको खटमलों ने काटा है। या तो आपको रात में मच्छरों ने काटा है। या तो आपको रात में बहुत गर्मी के कारण नींद नहीं आई है। इस संदर्भ में इस कहावत को हम ज्यादा उपर्युक्त मान लेते हैं। गर्मी में ना हवा चलती थी। ना ही पत्ते हिलते हुए नजर आते थे। निरभ्र आकाश में चमचमाते हुए तारे। और बादलों का तैरता गुच्छा ही दिखता था। और , बादल ललचाते हुए हमें फफोलों के साथ छोड़कर चले जाते थे।

खैर ,कोरोना के बाद मौसम का मिजाज बदला - बदला है। जनवरी , फरवरी , मार्च , अप्रैल, मई , ओलों ने और छिट-पुट बारिश ने पार लगा दी है। इसलिए मैं आपको कह रहा था, कि पैसे ए. सी. कूलर पर नहीं खर्चना है। अब मई के आखिरी सप्ताह के बाद से धीरे -धीरे गर्मी खत्म होने लगेगी। और वर्षा रानी अपने नखरे दिखाने लगेगी।






दिलचस्प बात ये है, कि हम शहर के लोगों ने पत्ता-पत्ता , बूटा - बूटा , डाली - डाली की तरह शहर के पुल पुलियों पर भी अतिक्रमण कर लिया है।

लिहाजा शहरीकरण और नगर निगम और नगर-परिषदों की ड्रेनेज सिस्टम लाचार दिख रहीं हैं। भारी बारिश की बात छोड़ दीजिए, हल्की बारिश में भी लोग अतिक्रमण के कारण बाढ़ जैसे हालात का सामना कर रहें हैं। जब बारिश होगी तो आप जाम में फँस ही जाएँगें। और जाम में जब फँस जाएँगें तो आप तुरँत ठँड़े हो जाएँगे। आपकी दसियों लाख की कार तब माचिस की डिब्बी की तरह शहर की मामूली या भारी बारिश में तैरेगी। दिलचस्प ये भी है, कि आपने खुली छत वाली अगर कार खरीदी है। तो आपको ड्रेनेज सिस्टम की मेहरबानी से सड़क पर ही समंदर में सर्फिंग करने का निन्शुल्क मजा मिलेगा। जैसा की प्राय- हर आदमी बेसब्रा है। यदि आप भी कार से उतरकर आगे क्या हो रहा है। देखने जाएँगें। तो आप कमर तक पानी में तैर रहे होंगें। ऐसा मेरा दावा है। तो फिर आपको जो एहसास होगा। वो वाकई में वाटर पार्क जैसी या एकवाटिका जैसी फिलींग देगा। मुफ्त की वाटर पार्क सर्विस ! एकवाटिका या वाटर पार्क में आप खुद जाकर भींगना। वो भी पैसे देकर पसँद करेंगें, क्या? जब ड्रेनेज सिस्टम की बदौलत ऐसा मौका आपको मुफ्त में मिल रहा हो।

मैं तो नहीं छोड़ूँगा ऐसा मौका ! मैं ड्रेनेज सिस्टम का शुक्रिया अदा करूँगा। और आपको भी करना चाहिए, कि मुफ्त में ही वाटर पार्क का मजा दे दिया। एकवाटिका या वाटर पार्क में आप फर्जी तरीके से यानी ऊपर -ही - ऊपर से भींगेंगें। लेकिन शहर का जो ड्रेनेज सिस्टम है। वो आपको बहुत नेचुरल तरीके से भिंगायेगा। वाटर पार्क में आप लिमिटेड समय के लिए रह सकते हैं। लेकिन आप कुदरती बारिश और ड्रेनेज सिस्टम की मेहरबानी से अगर दफ्तर से तीन चार बजे निकले हैं। और इत्तेफाक से बारिश शुरू हो गई। तो फिर आप ड्रेनेज सिस्टम की मेहरबानी से दस - ग्यारह बजे से पहले घर नहीं पहुँच पाएँगे।

और नगरपालिका और नगरपरिषद के लोग शहर की नालियों का ढक्कन साफ - सफाई के दौरान आजकल खुले ही छोड़ दे रहें हैं। लिहाजा, लोगों को बरसात में कहाँ गड्ढा है, और कहाँ रोड़ ये पता ही नहीं चल रहा। इसलिए लोग पाताल लोक वाया यमलोक का सीधे टिकट पा रहे हैं ! इसलिए आपको ड्रेनेज सिस्टम की मेहरबानी से पाताल लोक की यात्रा अगर करनी हो , तो बरसात में ट्रेफिक में फँसकर देखिए!

**महेश कुमार केशरी**
**C/O -मेघदूत मार्केट**
**फुसरो**
**बोकारो झारखंड**
**पिन 829144**

# इन्दौर नगर में चातुर्मास हेतु निवेदन किया



इंदौर। गणनी आर्यिका श्री विशिष्टमति माता जी 12 पिच्छी ससंघ को बनेडिया तीर्थ के बिहार के दौरान इंद्र कुमार जी सेठी जी के फार्महाउस पर पुलक मंच की अगुवाई में पुलकमन्च के वरिष्ठ जन प्रदीप बड़जात्या, महेंद्र निगोतिया कमल रावका इन्दर सेठी द्वारा इस वर्ष इंदौर में ही हो चातुर्मास हेतु निवेदन किया गया । धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि पूज्य माता जी ने 2013 में गणाचार्य श्री विराग सागर जी के संघ इन्दोर में छत्रपति नगर में पुलकमन्च के संयोजन में गणाचार्य विराग सागर ससंघ की बड़ी माताजी के रूप में भव्य चातुर्मास किया था । और महती धर्म प्रभावना हुई थी। दद्दू ने कहा कि माता जी बहुत वात्सल्यमयी है आगम ज्ञानी है चर्या शिरोमणि भी है बहुत अछी प्रवचन कार भी है।

## सरस्वती विद्या विहार स्कुल गोविन्द कॉलोनी पर लगा विशाल नेत्र



इन्दौर। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय इन्दौर के संयुक्त तत्वाधान में सरस्वती विद्या विहार स्कुल गोविन्द कॉलोनी, किला रोड़, इन्दौर पर लगा विशाल नेत्र शिविर ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 190 मरीजों ने लाभ लिया 24 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे।

जरूरतमंद को 130 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए इस शिविर के लाभार्थी बाफना परिवार है ग्रुप के समाज सेवी अशोक कुमार सोजतिया, विजय मेहता, महेश डाकोंलिया, राजेन्द्र लोढ़ा, किशोर पोरवाल, राजेन्द्र भटेवरा, सुरेश जैन (गुगलियां) आदि का भरपुर सहयोग रहा।

## भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमीत मिश्रा का स्वागत



इंदौर। भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमीत मिश्रा का अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर राजीव शर्मा ने श्रीमद भगवद गीता सत्साहित्य, संदल मुक्ता माल से स्वागत कर उनके कार्यकाल को श्रेष्ठतम कार्यकाल होने की शुभकामनायें प्रदत्त की . श्री मिश्रा अनौपचारिक मुलाकात के लिये प्रो राजीव शर्मा के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे. ज्ञातव्य है कि श्री मिश्रा विद्यालयीन, महाविद्यालयीन व विश्वविद्यालयीन छात्र जीवन से वक्तृत्व कला के क्षेत्र में सक्रीय रहते हुए प्रो शर्मा कवि के सतत सम्पर्क में रहे हैं.श्री मिश्रा ने अनेक अखिल भारतीय वादविवाद प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रो राजीव शर्मा के प्रबंधन में, अनेक पुरस्कार अर्जित किये हैं.

## नीट-पीजी में मेडिकल संस्थानों को काउंसलिंग से पहले देनी होगी फीस डिटेल्स

इन्दौर। उच्चतम न्यायालय में जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की युगलपीठ ने नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई उपरांत दिए एक अहम फैसले में कहा कि अब नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी।

पीठ ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉक करने पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर देते कहा कि अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए। सितंबर 2024 में नीट-पीजी 2024 परीक्षा के एस्पिरेंट्स द्वारा परीक्षा में पारदर्शिता के लिए याचिकाएं दायर कर मांग की थी कि परीक्षा करने वाली एजेंसी एनबीईएमएस क्वेश्चन पेपर और स्टूडेंट्स के आंसर भी जारी करे।

## डैनिम और स्नीकर फैस्ट शुरु हो चुका है नेक्सस ट्रैज़र आइलैंड और इंदौर सेंट्रल मॉल में

इंदौर। छुट्टियों की तैयारी और बैक-टू-कैम्पस शॉपिंग के लिए बिल्कुल सही समय पर इंदौर में शुरु हो चुका है- डैनिम और स्नीकर फैस्ट। शहर के सबसे बड़े लाइफस्टाइल डेस्टिनेशंस नेक्सस ट्रैज़र आइलैंड और इंदौर सेंट्रल मॉल में डैनिम और स्नीकर पर मिल रही हैं शानदार डील्स। फैशन के कद्रदानों के बीच डैनिम और स्नीकर की बहुत अहमियत है और अब इनसे जुड़ा फैस्ट एक महीने तक चलेगा।

15 मई से आरंभ में हो चुका डैनिम और स्नीकर फैस्ट 30 जून तक जारी रहेगा। इस उत्सव में डैनिम कलेक्शन की सबसे विस्तृत रेंज और शहर के सबसे बेहतरीन स्नीकर्स, शीर्ष अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों से लेकर घरेलू लेबल तक, सब एक साथ मौजूद हैं।

चाहे आप छुट्टी मनाने जा रहे हों, कॉलेज जाने के लिए कपड़ों को अपडेट कर रहे हों, या बस अपने लुक में कुछ नयापन ढूंढ रहे हों, इस उत्सव में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। एच एंड एम, एम एंड एस, लेवीज़, जैक एंड जोन्स, प्यूमा, स्कैचर्स आदि कई टॉप ब्रांड्स के नये-नये स्टाइल आपको यहां मिलेंगे।

# अनवरत के तीन नाटकों की समीक्षा



दिनांक 20 मई , 2025 के दिन संध्या को अभिनव कला समाज में अनवरत रंग समूह के द्वारा हिन्दी के महान कथाकार एवं उपन्यासकार मुंशी प्रेमचन्द की प्रसिद्ध कथाओं पर आधारित तीन नाटक खेले गये। नाट्यरुपान्तर समूह के संचालक और निर्देशक नितेश उपाध्याय द्वारा किया गया। नितेश उपाध्याय के निर्देशन में खेले गए तीनों नाटक में, पहला नाटक था कफन (बुन्देलखन्डी भाषा में ), दूसरा था पूस की रात ( मालवी भाषा में ) , तीसरा था बड़े भाई साहब (हिन्दी भाषा में )।

पहला नाटक कहानी कफन पर आधारित था जिसमें घीसू का पात्र खेला गया अभिधान लोधी के द्वारा एवं माधो बने थे जयदीप सिंह सिसोदिया और मुनीम के पात्र में थे राजेश पंवार, जमींदार बने थे स्वयं निर्देशक नितेश उपाध्याय।

श्री मुंशी प्रेमचंद के द्वारा लिखी गई कफन कहानी उनके जीवन के उत्तरार्ध में लिखी गई थी और करीब सत्तर साल पहले लिखी गयी है। यह कहानी उनकी प्रसिद्ध कहानियों में से एक है। घीसू और माधो गांव के सर्वहारा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं उनके पास रहने के लिए मात्र एक झोपड़ा है और वे जरुरत पड़ने पर ही मेहनत मजदूरी करते हैं। वे दोनों इतने आराम तलब हैं कि गांव के खेतों से गन्ने और आलू चुरा चुरा कर अपनी भूख मिटाते हैं। माधो की लुगाई बुधिया ही झाड़ू-बुहारी , मेहनत मज़दूरी करके उनका पेट भरती है। एक रात को जब बुधिया गर्भवती होने के कारण बच्चे को जन्म देने वाली होती है , वह चिल्ला चिल्ला कर झोपड़ी के अंदर हलकान होती रही और ये दोनों बाप-बेटे झोपड़ी के बाहर आलू भूनकर खाते रहे थे। बुधिया रात भर तड़पती रही और सुबह होने पर उसने दम तोड़ दिया। अब घीसू और माधव ने उसके अंतिम संस्कार के लिए जमींदार और अन्य लोगों से भीख मांगते हैं और कफन के खरीदने के बजाय उस पैसे की शराब पी जाते हैं। घीसू माधो से कहता है की बुधिया को कफन जरुर मिलेगा मगर इस बार पैसे उनके हाथों में नहीं आयेंगे। मुंशी प्रेमचंद घीसू के द्वारा कहे गए संवादों में कबीर के समकक्ष खड़े होते दिखाई देते हैं। नितेश उपाध्याय का दृश्य संयोजन अच्छा था परंतु पात्रों की वेशभूषा के मामले में वे न्याय नहीं कर सके। शराब खाने में पात्रों के द्वारा के मिट्टी के छोटे छोटे कुल्हड़ का प्रयोग वाकई सराहनीय था जो दृश्य को प्रभावशाली बना गया। पात्रों की वेशभूषा तत्कालीन समय के हिसाब से बहुत आधुनिक नजर आ रही थी।

जहां तक बुंदेलखंडी भाषा के प्रयोग की बात है कहीं कहीं पात्रों के द्वारा हिन्दी भी बोली गई। अभिनय के मामले में भी घीसू और माधव जो नाटक के मुख्य पात्र हैं , अपने अभिनय में गहराई नहीं ला पाये और दर्शकों को भाव विभोर करने में असफल रहे। अच्छे भोजन करने की उत्कट लालसा उन्हें कफन के पैसों को खर्च करने के लिए मजबूर करती है। दूसरा नाटक पूस की रात भी एक गांव के गरीब किसान की कहानी है जो भयंकर सर्दी का सामना करने के लिए कंबल खरीदने के लिए रखे गए पैसे साहूकार चौधरी और लठैत के तगादे करने पर दे देता है और पूस की ठंडी रात खेत पर बिना कंबल के भयंकर ठन्ड में बिताने के कारण लापरवाही से फसल नीलगायों की भेंट चढ़ा देता है और अपने प्यारे कुत्ते जबरा को भी ठंड का शिकार हो जाने पर मजबूर करता है।

हल्कू बने (अमन चौधरी) का अभिनय गरीब किसान की दुर्दशा को कम ही अभिव्यक्त कर पाया जबकि मुन्नी बनी (रानी दत्ता) हल्कू की पत्नी ने ठीक अभिनय किया। सर्वोत्तम अभिनय किया कुत्ते जबरा बने कलाकार शिवम गाडगे ने। उन्होंने कुत्ते की भाव-भंगिमाओं और शारीरिक भाषा की अभिव्यक्ति बेहद प्रभावशाली अभिनय से की।

वेषभूषा फिर नाटक के काल और चरित्रों के अनुसार नहीं थी। मालवी भाषा का प्रयोग भी पूर्णतः नहीं किया गया।

तख्त की जगह टुटी-फूटी खाट होती तो ठीक रहता और स्टील के बर्तनों के बजाय मिट्टी के या लोहे के बर्तनों का प्रयोग किया जाना था।

तीसरे नाटक बड़े भाई साहब की प्रस्तुति ठीक ठाक ही थी। बड़े भाई (मानव अरोरा) और छोटे भाई (समर्थ जैन) में से बड़े भाई मानव अरोरा अभिनय में बाजी मार लेते हैं। परन्तु उनके बड़े बड़े संवाद दर्शक को भारी लगने लगते हैं उन संवादों को संपादित करने की आवश्यकता थी। समर्थ जैन ने प्रसन्नता के दृश्यों में सुन्दर अभिनय किया परन्तु खीज और दुखी होने का वे नाटक भर ही कर पाये। मुंशी प्रेमचन्द जी शिक्षा के महत्व को भली भान्ति समझ सके थे क्योंकि वे शिक्षा विभाग में कार्य रत रहे थे। तोता रटन्त और समझकर पढ़ने के अन्तर को वे कहानी में स्पष्ट करतें हैं। साथ ही शान्त और एकाग्र चित्त से पढ़ा हुआ हमेशा याद रहता है परन्तु डर और तनाव में पढ़ा पाठ अक्सर विस्मृत हो जाता है। तीनों नाटकों में प्रकाश व्यवस्था दृश्यविधान के अनुरुप थी , पार्श्व संगीत भी दृश्यानुसार रहा। श्री नीतेश उपाध्याय का निर्देशन नाटक कफन एवं नाटक पूस की रात सधा हुआ रहा परन्तु वे नाटक बड़े भाई साहब में कसावट लाने में चूक गये। अभिनव कला समाज के हाल में एसी के बावजूद बहुत गर्मी थी मेरा सुझाव है की हाल में दो एक्जास्ट फेन लगाना आवश्यक है। श्री नितेश उपाध्याय अनवरत रंग समूह के माध्यम से विगत 15 वर्षों से नाट्य- अभिनय के क्षेत्र में अपनी कुशल सेवाएं देकर नाट्य-कलाकारों की एक नई फौज तैयार कर रहे हैं इसके लिए भी वे बधाई के पात्र हैं। अनवरत रंग समूह की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं। इति शुभम्।



चन्द्रशेखर
बिरथरे (पथिक)
नाट्य एवं फिल्म
आलोचक
मोबाइल
9300639109.

# फ्रैंको इंडियन फार्मास्युटिकल्स के दवा प्रतिनिधियों की दो दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल

इंदौर ( संदीप सोनी) एफ.एम .आर.ए .आई के आह्वान पर एम पी एम एस आर यू के बैनर तले दवा कंपनी फ्रैंको इंडियन फार्मास्युटिकल्स के दवा प्रतिनिधियों ने विरोध स्वरूप दो दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की एवं कंपनी के सी एंड एफ लसुड़िया, देवास नाका इंदौर में धरना प्रदर्शन किया गया।



जानकारी देते हुए एम पी एम एस आर यू के प्रादेशिक सचिव मनीष ठक्कर ने बताया कि फ्रैंको के साथियों ने अपनी निम्नलिखित नैतिक मुख्य मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल कर आज कंपनी के सी एफ ए इंदौर में धरना प्रदर्शन किया जिनमें कंपनी द्वारा प्रतिनिधियों के दुर्भावनापूर्ण इरादे से किए गए अवैधानिक ट्रांसफर को वापस लिए जाए।

विगत 3 वर्षों से लंबित चार्टड ऑफ डिमांड का तुरंत समाधान किया जाए।

सेल्स प्रमोशन एम्पलाइज एक्ट 1976 के लिव रूल्स के अनुसार छुट्टी दी जाए। सेल्स से संबंधित प्रताड़ना एवं धमकियां बंद की जाए। 5 रिपोर्टिंग पोर्टल जो कि कंपनी और दवा प्रतिनिधियों को जोड़ने का एक माध्यम हैं उसको एकतरफा निर्णय ले बंद कर काम करने के बावजूद रिपोर्टिंग करने से वंचित नहीं किया जाए।इत्यादि मुख्य मांगो को लेकर एक ज्ञापन कंपनी के सी एंड एफ गौरव महाजन के माध्यम से कंपनी को पहुंचाया गया।

एम पी एम एस आर यू के इंदौर इकाई उपाध्यक्ष हितेश पारिख ने बताया कि मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से फ्रैंको काउंसिल के 49 साथियों ने धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सीटू ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया, सीटू से इंदौर के महासचिव श्री भागीरथ कछवाहा एवं प्रादेशिक कार्यकारिणी सदस्य सी एल सर्रावत उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की इंदौर इकाई की बैठक आयोजित



इंदौर। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन नई दिल्ली की इंदौर इकाई की प्रथम बैठक इंदौर में आयोजित की गई। जानकारी देते हुए संभागीय अध्यक्ष शंभूनाथ मिश्र एवं जिला अध्यक्ष शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम के निर्देश से संभाग एवं जिले की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें अशोक व्यास राष्ट्रीय सचिव, नरेंद्र तिवारी प्रदेश संयुक्त सचिव, शंभूनाथ मिश्र संभाग अध्यक्ष, शैलेश त्रिपाठी इंदौर जिला अध्यक्ष, मोहनलाल यादव, मनीष सोनी मीडिया प्रभारी, दिनेश अग्रवाल संभागीय उपाध्यक्ष, सरिता तिवारी, रजनी पांडे जिला सचिव, किरण सिकरवार संभागीय सचिव, कमलाप्रसाद पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट आदित्य सोनी विधि सलाहकार नियुक्त किए गए। सभी सदस्यों को नियुक्तिपत्र एवं परिचय पत्र वितरित किए गए। उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

## एकता वुमंस ग्रुप की गेट-टू-गेदर पार्टी सम्पन्न



इन्दौर। राठौर एकता वुमंस ग्रुप द्वारा आयोजित गेट-टू-गेदर पार्टी में ग्रुप की सभी सदस्याओं ने रोमांचक गेम्स खेलने के साथ ही फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां भी दी। इस दौरान उन्होंने फिल्मों से जुड़े अपने कई किस्से भी एक-दुसरे से साझा किए।

ग्रुप की ललिता राठौर, मंजूश्री बोड़ाने एवं मीरा राठौर ने बताया कि विजयी प्रतिभागियों को उपहार भेंट कर बधाई दी। पार्टी के दौरान, अन्नपूर्णा राठौर, आरती राठौर, शीतल राठौर, अमिता राठौर, पूजा राठौर, ममता राठौर, सुनीता राठौर, जया राठौर, रीना राठौर, कविता राठौर, वर्षा राठौर, कुसुम राठौर, सरिता राठौर मौजूद थीं।

# स्कूल ऑफ आर्किटेक्चरकी हर्षिका केमकर को स्वर्ण, प्रियांशी जैन को रजत पदक

इंदौर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित 12वें दीक्षांत समारोह में आई.पी.एस. एकेडमी, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर की पूर्व छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

एम.आर्किटेक्चर की छात्रा रहीं हर्षिका केमकर को शैक्षणिक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक एवं



Certificate of Merit प्रदान किया गया। वहीं बी.आर्किटेक्चर की पूर्व छात्रा प्रियांशी जैन को उत्कृष्टता के लिए रजत पदक से नवाजा गया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर आई.पी.एस. एकेडमी के अध्यक्ष, आर्किटेक्ट अचल चौधरी ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, यह हमारे संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

छात्राओं की मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है।

# सीमेंट फैक्ट्री से सीखी असली-इंजीनियरिंग की पढ़ाई

**चलते- चलते**

जब अजय इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में था, तब उसे यह तो नहीं पता था कि उसके करियर की दिशा किसी प्रोफेसर या प्लेसमेंट कंपनी नहीं, बल्कि उसकी बहन के घर का बिजली का बिल तय करेगा।

गर्मी की छुट्टियों में अजय बहन के घर गया। अब बहन का घर मतलब है कि जियाजी का भी घर। और जियाजी कोई मामूली आदमी नहीं थे–मैकेनिकल इंजीनियर! वो भी सीमेंट फैक्ट्री में पोस्टेड। कंपनी की टाउनशिप में रहते थे, जहां सबका मकान एक जैसे दिखता था और लोगों के चेहरों पर सीमेंट और कोयले की परतें एक जैसी चढ़ी रहती थीं।

अजय जब पहली बार जियाजी को ऑफिस जाते देखता, तो सोचे बैठा कि इंजीनियरिंग की नौकरी भी कोई नौकरी है क्या? सुबह उठकर प्रेस की हुई यूनिफॉर्म पहनते, पर शाम को लौटते तो कोयले और सीमेंट से ऐसे लथपथ जैसे किसी खदान से सीधे लौटे हों। पहचानना मुश्किल कि ये वही आदमी हैं जो सुबह बिसलेरी पीकर निकले थे, और अब देखो तो पहचान में ही नहीं आ रहे।

अजय तो मन ही मन सोच बैठा कि इंजीनियरिंग छोड़ो, इससे अच्छा तो दुकान खोल लूं। कम से कम कपड़े तो साफ रहेंगे। लेकिन किस्मत ने उसकी यह योजना रद्दी में फेंक दी।

इंजीनियरिंग खत्म होते ही जियाजी ने उसे फिर बुला लिया–इंटरव्यू है, तैयारी कर ले। इंटरव्यू भी ऐसा कि एक ही सवाल पूछा गया–जियाजी के साथ आया हो? और उसी पर ट्रैनी मैकेनिकल इंजीनियर की पोस्ट फाइनल!

कंपनी ने बैचलर एकॉमोडेशन देने की पेशकश की, पर जियाजी बोले, क्या करेगा हॉस्टल में? हमारे साथ रह। अजय ने सोचा, चलो अच्छा है, मां के हाथ का खाना तो नहीं मिलेगा, लेकिन बहन के हाथ का मिलेगा। पर वो यह भूल गया था कि घर में सिर्फ बहन और जियाजी ही नहीं, दो भांजियाँ भी हैं गुड़िया और शिकी।

अब गुड़िया और शिकी अजय को 'टाइम टेबल राम मामा' कहने लगीं, क्योंकि हर वक्त पूछतीं–राम मामा, अब क्या कर रहे हो? अगर अजय पेपर पढ़ता, तो पूछतीं, टीवी क्यों चला रहे? और अगर टीवी चलाता, तो डांट पड़ती–इतना टीवी देखोगे तो बिजली का बिल आएगा!

गुड़िया तो एकदम बिल सुपरवाइज़र बन चुकी थी। हर हफ्ते मीटर का रीडिंग नोट करती। अगर एक यूनिट भी ज्यादा हो गया, तो अजय से ऐसे घूर कर पूछती जैसे उसने चोरी करके एसी चलाया हो।

घर में टीवी देखना भी अपराध बन गया था। जियाजी खुद शाम को फैक्ट्री से लौटकर बिजली बचाने के लिए मोबाइल की टॉर्च में नहाते। कहते, देश को आगे बढ़ाना है, पहले बिजली बचानी है!

अजय की जिंदगी एकदम शिफ्ट ड्यूटी में बदल गई थी। सुबह नाश्ता, दोपहर को भांजियों की पहरेदारी में पेपर पढ़ना, शाम को बिजली बचाने की क्लास और रात को सोने से पहले घर का मीटर चेक।

धीरे-धीरे अजय को समझ आने लगा कि इंजीनियरिंग की असली डिग्री तो वो है, जो सीमेंट में लथपथ होकर भी मुस्कुरा ले। जो बिजली के बिल से डरकर भी टीवी की आवाज कम करके देखे। और सबसे बड़ी बात, जो दो भांजियों के तानों के बीच भी राम मामा' कहलाने का गर्व महसूस करे।

कुछ महीनों बाद अजय की पोस्टिंग बदल गई और उसे दूसरे प्लांट में भेज दिया गया। लेकिन वो गुड़िया और शिकी की बातें नहीं भूला। जब भी टीवी देखता, तो खुद ही आवाज कम कर लेता और मीटर की सुई घूरता रहता।

और हाँ, जब किसी दोस्त को कंपनी में नौकरी मिलने की बधाई देता, तो हँसकर कहता–यार, नौकरी मिलने से पहले बिजली का मीटर देख लेना, नहीं तो गुड़िया टाइप भांजियाँ तैयार मिलेंगी तुम्हें भी!



अजय
कुमार बियानी
निपानिया
इंदौर



## ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

धार। संचालनालय खेल ओर युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देश अनुसार एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, जिला खेल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं आरआई पुरुषोत्तम बिश्नोई के विशेष सहयोग से बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय का सदुपयोग करने व बच्चों को मोबाइल की लत से दूर करने एवं उन्हें स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से विशेष ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पुलिस लाइन धार में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक मनीष सोलंकी व सहायक प्रशिक्षक प्राची चौहान द्वारा खिलाड़ियों को हॉकी की बारीकियां से अवगत कराकर उन्हें राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर खेलो में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों को महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर व पुरुष हॉकी अकादमी भोपाल में प्रतिभा चयन मैं जाने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण के उपरांत विभाग द्वारा चलाए जा रहे हॉकी फीडर सेंटर के लिए प्रतिभा चयन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चयनित खिलाड़ियों को विभाग द्वारा हॉकी खेल से संबंधित खेल सामग्री निशुल्क प्रदान की जाएगी7।

## चाइना से पीपीजीआई क्वाइल की डील में लाखों की धोखाधड़ी

**धार।** चाइना से इम्पोर्ट पीपीजीआई क्वॉइल की सप्लाई के नाम पर धार के एक व्यापारी से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। सुरत (गुजरात) के व्यापारी कुनाल जे. भोजक पर आरोप है कि उसने माल की डिलीवरी के नाम पर कुल 65 लाख 38 हजार 836 रुपए वसूल लिए, लेकिन तय समय के बाद भी माल की डिलेवरी नहीं की। पीड़ित व्यापारी ने धार कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ IPC की धारा 406, 409 और 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता व्यापारी हुसैन अली निवासी एमजी रो धार ने बताया कि कुनाल जे. भोजक ने चाइना से PPGI क्वॉइल मंगवाकर देने की बात कही थी। दोनों के बीच 66 रुपए प्रति किलो की दर से 100 टन माल का सौदा हुआ था। हुसैन अली ने 20 अगस्त 2024 को RTGS के माध्यम से 31 लाख 75 हजार 200 रुपए का भुगतान किया। तीन माह बीत जाने के बाद भी जब माल नहीं मिला, तो कुनाल ने जीएसटी के नाम पर अतिरिक्त 10 लाख 84 हजार 836 रुपए की मांग की। इसके जवाब में 11 नवंबर को 5 लाख, 12 नवंबर को 3 लाख 84 हजार 836 और 13 नवंबर को 2 लाख रुपए का भुगतान आरटीजीएस से किया गया। इसके बाद भी माल नहीं मिला तो आरोपी ने शेष 23 लाख 8 हजार 800 रुपए की और मांग की। पीड़ित व्यापारी ने अपने साढ़ू भाई ताहेर भाई मंडपवाला (निवासी सुरत) और तुराप भाई वालों की मौजूदगी में 13 नवंबर को यह राशि नगद दी। कुल मिलाकर हुसैन अली ने 65 लाख 38 हजार 836 रुपए की रकम चुकाई, लेकिन आरोपी द्वारा लगातार माल डिलीवरी में टालमटोल की जाती रही। परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

## ऑपरेशन सिंदूर पर सेना के सम्मान मे निकली भव्य तिरंगा यात्रा



बड़वाह -सेना के पराक्रम आपरेशन सिंदूर के लिए हर भारतवासी को गर्व है, अभिमान है।जिसके तहत ग्राम काटकूट में भारतीय सेना के सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित करते हुए।प्रातः 8 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा के प्रारम्भ मे वीर तेजाजी महाराज प्रांगण मे पूर्व सेनिको को पुष्पहार पहनाकर शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।तिरंगा यात्रा मे डीजे पर राष्टीय गीतों की धुन पर नाचते गाते व भारत माता की जय..वन्दे मातरम,भारतीय सेना जिंदाबाज का जयघोष करते हुए सभी समाज के लोग चल रहे थे।यात्रा मे भारत माता की जीवंत झांकी व ब्राह्मस मिसाइल की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।तिरंगा यात्रा का अनेको जगह स्वागत अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खुमान जाट,नगर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, तिरंगा यात्रा प्रभारी डॉ. एन.एस.सोलंकी,सह-प्रभारी राजेश चौधरी,विधायक प्रतिनिधि महावीर बिरला,नरहरी दांगी,अर्जुन केवट,मुकेश चोटियां,राजू सोनी,राधेश्याम जाट,कैलाश जाट,मनीष लोधी,राधेश्याम चोयल,एन.एस.पंवार,सुरभि वर्मा,दीपक सोनी,अरविन्द जोशी,गजराज मोरे,अरविन्द बर्डे,जीतेन्द्र सोनतले,अर्जुन कौशल, बी.आर. सांवले, विजय वर्मा,महादेव सरमण्डल,गजेंद्र नायक,राकेश बर्डे,बाला पटेल,राजा सोलंकी व पूर्व सैनिक सहित सर्व समाज जन मौजूद थे।तिरंगा यात्रा का समापन वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

## 9वीं में प्रवेश आवेदन 28 मई तक लिए जाएंगे

बड़वानी। शासकीय ईएफए उत्कृष्ट विद्यालय क्रं. 1 में कक्षा 9वीं के प्रवेश के लिए मेरिट सूची अनुसार प्रवेश जारी है। विद्यार्थी प्रवेश आवेदन प्राप्त कर 28 मई तक जमा कर दे। समस्त आवेदन उच्च श्रेणी शिक्षक अजय यादव के पास कार्यालयीन समय में जमा करा दे।

## महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम के लिए लायजनिंग अधिकारी नियुक्त

बड़वानी। महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल 25 ई को इन्द्रपुर तहसील राजपुर के भ्रमण के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गुंचा सनोबर ने एसडीएम राजपुर जितेन्द्र पटेल को लायजनिंग अधिकारी का नियुक्त किया है।

### जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नागरिकों ने मातृ शक्ति का स्वागत किया

# भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता अर्पित कर मातृ शक्ति ने निकाली, सिंदूर शौर्य यात्रा

कसरावद देश की बहन बेटियों का सिंदूर उजाड़ने वाले पाक को सबक सिखाने वाले देश के वीर सैनिकों के शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने के उद्देश्य से कसरावद शहर की मातृशक्ति ने मस्तक पर सिंदूर लगाकर आज बड़े ही उत्साह के साथ सिंदूर शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा में मातृ शक्ति ने देश भक्ति के नारे लगाए व वीर जवानों का जयघोष किया। यात्रा में हिंदू मुस्लिम सभी धर्म के लोग तिरंगा लेकर भारत माता की जय घोष के साथ चल रहे थे।

**यात्रा की शुरुआत कन्या शाला स्कूल ग्राउंड से हुई।**- ठाकुर हेमेंद्र सिंह सोलंकी पूर्व सैनिक द्वारा कहा गया ऑपरेशन सिंदूर भारत की सांस्कृतिक एकता का परिचायक है कर्नल सोफिया कुरैशी और कैप्टन व्योमीका सिंह ने इसका कुशल नेतृत्व किया।आतंकवाद से लड़ने के लिए सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि



संपूर्ण भारत एक साथ खड़े हैं भारत का शौर्य आज दुनिया देख रही है।हम समस्त मातृशक्ति भारतीय सेना के साथ साथ उनके परिवारों और उनकी वीरांगना परिवार की माता बहनों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

**आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस यही है नया भारत** -पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय जवानों ने पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के अड्डे तबाह किए। कई आतंकियों को मार गिराया। इस कार्रवाई के बाद दुनिया ने भारत का शौर्य व साहस देखा। देश की बहन, बेटियों के सिंदूर को उजाड़, भारत को कमजोर समझने का दुःसाहस करने वाले पाक के नापाक इरादों को भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से ध्वस्त किया है। आज भारत सबसे ताकतवर देश बनकर उभरा है। जो हमारे लिए गौरव की बात है। पूर्व सैनिकों का भी अभिनंदन किया साथ ही सीमा पर जो सैनिक सेवाएं दे रहे हैं उनके परिवार की माताएं बहने भी कार्यक्रम में पहुंची और उनका भी सिंदूर तिलक एवं श्रीफल से अभिनंदन किया।

**शौर्य सिंदूर यात्रा** -कन्या शाला स्कूल ग्राउंड से कुशवाहा मोहल्ला यादव मोहल्ला, राम मंदिर चौक, सराफा मार्केट ,पोस्ट ऑफिस चौराहा जय स्तंभ होते हुए स्कूल ग्राउंड समापन किया गया। इस यात्रा में सभी जाति धर्म के लोग एक होकर चल रहे थे।

### संघ का दबाव का हुआ असर,

# पेंशनर सदस्य को क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देने को हुए राजी

**सोनकच्छः-प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष प्रहलादसिंह बिजोनिया ने बताया कि सचिव रमेशचन्द्र शर्मा द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को अनेको बार मौखिक एवं लिखित में आवेदन देकर तृतीय क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने की मांग की गई है किन्तु बीईओं कार्यालय द्वारा उनकी मांगों का लाभ उन्हें नहीं दिया जा रहा है।**

क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देने हेतु प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ द्वारा आगामी 26 मई 2025 को बीईओ कार्यालय के सामने पेंशनर के समस्त सदस्यों द्वारा धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। जिसकी सूचना जिलाधीश महोदय देवास, अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी देवास के साथ-साथ संबंधित विभाग में बीईओं कार्यालय को भी दी थी। बीईओं कार्यालय द्वारा तत्काल पेंशनर रमेशचन्द्र शर्मा के द्वारा दिये गए आवेदन पर कार्यवाही करते हुए बीईओं द्वारा संघ को लिखित एवं मौखिक आश्वासन दिया गया। जिसमें उल्लेखित है कि जल्द ही समय-सीमा में पेंशनर्स शर्मा की समस्या का निराकरण कर लाभ दिया जाएगा। संघ पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आगामी 26 मई को किए जाने वाला धरना प्रदर्शन कुछ दिनों तक स्थगित किया जाता है।



## आशा कार्यकर्ताओं ने बीसीएम पर लगाए गंभीर आरोप

रतलाम। जनपद पंचायत बाजना की सभी आशा कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में पदस्थ बीसीएम सुमन लोट पर रुपए मांगने और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2021-22 से बीसीएम सुमन लोट प्रत्येक आशा कार्यकर्ता से हर माह 200 रुपये की अवैध राशि मांगती हैं। राशि नहीं देने पर संबंधित कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि रोक दी जाती है, उनके वाउचर नष्ट कर दिए जाते हैं, और सेवा से हटाने की धमकी दी जाती है। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती है। इस संबंध में शुक्रवार को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष भंवर और बाजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. हिमांशु राव को ज्ञापन सौंपा गया। आशा कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता और सहयोगिनियाँ उपस्थित रहीं।

## निवाली के गुमडीया बुजुर्ग गाँव में कमल किशोर नागर की भागवत् कथा

निवाली,(इंदौर समाचार)-ऽ मध्यप्रदेश एवं मालवा के प्रसिद्ध भागवत् कथा वाचक कमल किशोर नागर आदिवासी क्षेत्र मे धर्मपरिवर्तन से आदिवासियों को रोकने के उद्देश्य को लेकर बडवानी जिले के निवाली के गुमडीया बुजुर्ग गाँव में दो बार पहले भी भागवत् कथा कर चुके हैं और 23 मई शुक्रवार को तीसरी बार कथा प्रारंभ कर चुके हैं पंडित कमल किशोर गुरूवार को अपने ग्रह ग्राम शाजापुर जिले के सेमलीधाम आश्रम से गुरूवार रात लगभग आठ बजे सपरिवार पहुंचे थे और आते ही भागवत् कथा के लिये कि गई व्यवस्थाओं को देखाऔर अपने लिये बनाई गई कच्ची कुटीया मे रात्री विश्राम किया प्रातः उठकर अपनी दैनिक दिनचर्या होकर अपने शिष्यो व समर्थकों से भेट मुलाकात कर दैनिक पुजन कार्य कर भागवत् कथा से पुर्व कलश यात्रा के लिये आयोजकों व कार्यकर्ताओं को निर्देश देकर समीप ही लगभग आधा किलोमीटर दुर गुमडीया खुर्द (छोटा गुमडीया) मे नवनिर्मित श्रीराम-शबरी मंदीर से 101 आदिवासी कन्याओं की कलश यात्रा स्थल गुमडीया बुजुर्ग तक निकाली कलश यात्रा में अधिकांश आदिवासी महिलाओं ने अपनी परंपरागत पहनावा नाटी व घाघरा लुगडा पहनकर सम्मिलित हुई वही कलश यात्रा मे आदिवासी ढोल मांदल की थाप परंपरागत नृत्य कर चल रहे थे कथा स्थल लगभग पचास आम के पेडो के बीच पहुची यहा पर श्रीमद् भागवत् पुराण का



मुख्य यजमान से पंडीतो ने पुजन कर करवा कर कथा का शुभारंभ किया कथा श्रवण करने के लिए शाजापुर देवास इंदौर से भक्त पहुंचे हैं जो कथा स्थल पर ही सात रूक कर कथा श्रवण करेंगे वही भागवत् कथा सुनने के लिए सेंधवा, पलसुद निवाली, मोयदा, दोंदवाडा, पानसेमल, महाराष्ट्र के शाहदा, नंदुरबार प्रकाशा तक से भक्त अपने साधनों से पहुंचे थे वही सेंधवा के भक्त चौधरी परीवार व्दारा शुध्द ठंडा फिल्टर जल की व्यवस्था सात दिनों तक निशुल्क की है वही सेंधवा के राजेन्द्र सिंह रघुवंशी ने दो स्कूल बड़े वाहन सेंधवा से श्रोताओं को कथा स्थल तक लाने ले जाने की व्यवस्था की है इसी तरह निवाली से अक्षय वाजपेयी व्दारा दो छोटे स्कूल वाहन निशुल्क उपलब्ध कराये है इसी प्रकार निवाली के मनोहर कुमावत ने भी अपना निजी वाहन उपलब्ध कराया है इसी प्रकार आज शुक्रवार 23 मई को भोजन प्रसादी का आयोजन स्वर्गीय शोभा बाई पति रामेश्वर वाणी, राजेश वाणी, संगीता वाणी,रिंकेश वाणी निवालीकी ओर से किया गया है निवाली नगर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम गुमड़िया बुजुर्ग में श्रीमद भागवत कथा का प्रथम दिवस में दुर्गा माता मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई जिसमे महिलाएं एवं बालिकाओ ने अपने सर पर कलश लेकर दुर्गा माता मंदिर से कथा स्थल पहुची जहा व्यास पीठ का पूजा अर्चना कर कथा वाचक श्री कमलकिशोर नगर जी के पोते द्वारा कथा प्राम्भ की वही तत पश्चात कथा वाचक श्री कमलकिशोर नगर जी के द्वारा कथा का वचन किया जिसमें कथा वाचक कमलकिशोर नगर जी द्वारा संगीत मय भजन में कहा कि मेरा आखरी एक भरोसो जैसे सुंदर भजन का गायन किया गया साथ ही कथा में इंदौर उज्जैन दूर दूर से श्री मद भागवत कथा का श्रवण करने लोग दूर दूर से आ रहे है सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा में बस स्टैंड निवाली से कथा स्थल तक लाने ले जाने के लिये नि शुल्क वाहनों की सुविधा भी की गई

## मण्डलेश्वर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध शराब का जखीरा जहित , 8 लाख की कार जब्त



मण्डलेश्वर। मण्डलेश्वर पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मण्डलेश्वर में एक रेनोल्ट कार से 234 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही लगभग 8 लाख रुपये की रेनोल्ट कार को भी जब्त कर लिया है। इस मामले में कार चालक के खिलाफ थाना मण्डलेश्वर में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। यह कार्यवाही अवैध शराब निर्माण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी मण्डलेश्वर उनि दीपक यादव ने बताया कि 22 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सिल्वर रंग की रेनोल्ट कार में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर मण्डलेश्वर से महेश्वर की ओर जाने वाला है।।सूचना मिलते ही उनि दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और कसरावद फाटे पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर इंतजार के बाद पुलिस टीम को तेज गति से एक सिल्वर रंग की कार आती दिखाई दी। नाकाबंदी देखकर कार चालक ने गाड़ी वापस मोड़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर ली।

### सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलवाया जाए

# किसानों ने शासन-प्रशासन से लगाई गुहार

सोनकच्छः-गुरूवार को समीपस्थ ग्राम पीपल्या बक्सू के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय पहुंचें जहाँ उन्होंने एक ज्ञापन प्याज की खराब हुई फसल को लेकर तहसीलदार संजय गर्ग को सौपा। ज्ञापन का वाचन किसान हिन्दूसिंह ठाकुर ने किया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया कि करीबन एक माह से क्षेत्र में लगातार हो रही बारीश से खेतों में लगी फसल पूरी तरह बर्बाद व खराब हो चुकी है। शासन द्वारा समय-समय पर केसीसी व सहकारी समितियों के माध्यम से फसल बीमा करवाया जाता है। जिसकी प्रीमियम बैंक अपने केसीसी धारक किसानों के खातें से काटकर वसूल करते है। प्याज फसल खराब होने से किसानों को हजारों-लाखों रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई संबंधित बीमा कंपनी से दिलवाया जाए। किसानों ने अपने-अपने व्यक्तिगत आवेदन भी तहसीलदार गर्ग को सौपे। किसानों ने मीड़िया को बताया कि पिछले वर्ष सोयाबीन की फसल भी बर्बाद हुई थी उसका बीमा भी बीमा कंपनी द्वारा नहीं गया है। पूर्व की सोयाबीन फसल की भांति प्याज की



फसल भी पूर्णतः बर्बाद हो चुकी है। पीपल्या बक्सू में इस वर्ष किसानों ने करीबन 55 से 60 प्रतिशत भूमि पर प्याज की फसलें लगाई है। इसी प्रकार अन्य गांवों में भी प्याज की फसलें खराब हुई है जिसका अभी तक प्रशासन द्वारा कोई सर्वे या भौतिक सत्यापन नहीं करवाया गया है। तहसीलदार गर्ग ने इस संबंध मेंयोग्य कार्यवाही करने का आश्वासन किसानों को दिया है। वहीं कृषि विभाग के टी.आर. परिहार ने बताया कि प्याज व लहूसन की खेती कृषि विभाग के अंतर्गत नहीं आती है इसलिए बीमा संबंधि जानकारी आप उद्यानिकी विभाग या फिर बैंकों से प्राप्त करें। उद्यानिकी विभाग की ब्लॉक अधिकारी सीमा सतपुडा ने बताया कि प्याज व लहसून का बीमा हार्टिकल्चर के माध्यम से होता है। सामान्य बीमा योजना से उक्त दोनों फसले बाहर है। तहसीलदार सर द्वारा पीपल्या बक्सू जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए है। शुक्रवार को गांव जाकर किसानों से मिलकर उनकी फसलों को देखकर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि खराब हुई प्याज की फसलों का सर्वे करवाकर मुआवजा राशि दिलवाई जाए। ज्ञापन सौपते समय उदयसिंह सेंधव, संजयसिंह सेंधव, इन्दरसिंह सेंधव, बजेसिंह, बनेसिंह, अनोपसिंह, दिनेश राठौर, सुनेरसिंह, सोदानसिंह, जयपालसिंह, विनोद, पिन्टूसिंह, हरेन्द्रसिंह, गजराजसिंह वर्मा, जोगेन्द्रसिंह, राजवर्धनसिंह पाठक, मदनलाल वर्मा, अर्जुनसिंह, नरेन्द्रसिंह सहित अन्य सैकड़ों किसान मौजूद थे।

" वर्जन "

**"ग्राम पीपल्या बक्सू के किसानों की खराब हुई प्याज की फसल सर्वे तथा बीमा राशि दिलवाने की मांग का निराकरण जल्द किया जाएगा। साथ ही अन्य विभाग प्रमुखों से चर्चा कर हल निकाला जाएगा। उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत भी करवाया दिया जाएगा। " -संजय गर्ग, तहसीलदार सोनकच्छ**

## छात्रावास आश्रमों में नवीन शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रतलाम।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति विभाग द्वारा संचालित छात्रावास आश्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु नवीन प्रवेश दिनांक 01.04.2025 से प्रारंभ हो चुके है। रतलाम जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में प्रवेश हेतु जनजातीय / अनुसूचित जाति की छात्र-छात्राएं संबधित क्षेत्र के विभागीय अधिकारी से संपर्क स्थापित कर छात्रावास / आश्रमों मे प्रवेश लेने हेतु अपना आवेदन 31.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है।

## आईटीआई आलोट में प्रवेश प्रारम्भ

**रतलाम।** प्राचार्य श्री दिलीप पराते शासकीय आईटीआई आलोट ने बताया कि नवीन प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न व्यवसाय विद्युतकार-20सीट, फिटर-20सीट, वेल्डर-40सीट, कोपा-48सीट, सर्वेयर-24सीट एंव डिजल मैकेनिक-24सीट प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है। इच्छुक आवदको के द्वारा प्रवेश पोर्टल (222.स्ङ्मह्यस्र.द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ) पर आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटी सुधार किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन एंव अधिक जानकारी हेतु व्यक्तिगत रूप से शासकीय आईटीआई आलोट जिला-रतलाम हेल्प डेस्क पर संपर्क कर सकते है।

## जावरा का बाल चिकित्सालय प्रदेश में छठे स्थान पर



**रतलाम।** जिस उद्देश्य से जावरा विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सा सेवा का विस्तार किया जा रहा ,वह उद्देश्य निरंतर सफल हो रहा है। बेहतर सेवा देने में जावरा का बाल चिकित्सालय प्रदेश में छठे स्थान पर है। जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के अथक प्रयासों से प्रारम्भ हुए महिला चिकित्सालय के पास बाल चिकित्सालय में नवजात शिशुओं व बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी एवं सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डॉ दीपक पालडिया के निर्देशन में महिला व बाल चिकित्सालय जावरा का एनबीएसयू न्यू बॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट ने प्रदेश के प्रथम दस एनबी एसयू में छठा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पाण्डेय के प्रयास से लगभग तीन करोड़ रूप्ए की लागत से निर्मित बाल चिकित्सालय में जटिल रोगों का भी उपचार किया जा रहा है। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि राज्य शासन ने नवजात शिशुओं 0 से 28 दिन की मृत्यु दर को कम करने के लिए न्यू बॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट बनाई। जावरा के एनबीएसयू में 160 प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी रेट है, जबकि बेड ऑक्यूपेंसी रेट 50 प्रतिशत से ऊपर होना चाहिए। वहीं 120 प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी रेट होने पर ही 100 प्रतिशत कहलाता हैं, जबकि जावरा हॉस्पिटल स्थित एनबीएसयू का बेड ऑक्यूपेंसी रेट इससे भी ऊपर है। यहां 608 बच्चे उपचारित है जो कि 159 प्रतिशत से अधिक है। यहां पर प्रतिदिन बच्चों के रुकने का औसत 3.8 है। वर्तमान में डॉ. घनश्याम पाटीदार शिशु रोग विशेषज्ञ की देखरेख में इसका संचालन किया जा रहा है। एनबीएसयू में 4 रेडियंट वॉर्मर है यहां पर कम वजन वाले बच्चे, जन्म के समय नहीं रोने वाले बच्चे, कम स्तनपान करने वाले बच्चे, समय से पूर्व जन्म लेने वाले बच्चे, सांस लेने में तकलीफ वाले बच्चे एवं अधिक ठंडा तथा गर्म वाले बच्चों को भर्ती किया जाता है। जिन्हें हाइपर थर्मिया, हाइपो थर्मिया कहा जाता है। यहां दो फोटो थेरेपी मशीन है जिसके माध्यम से पीलिया वाले बच्चों को भर्ती कर उपचार किया जाता है साथ ही एनबीएसयू में माताओं को स्तनपान कराने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। चिकित्सको द्वारा बाल चिकित्सालय में बेहतर उपचार प्रदान कर मानक स्तर में छटा स्थान प्राप्त करने पर विधायक डॉ पांडेय ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## मुस्लिम समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के आवेदन आमंत्रित

**रतलाम।** हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम स्टूडेंट एज्युकेसन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल व सीबीएसई बोर्ड की दसवीं व बारहवीं परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन देना प्रारंभ कर दिए गए है। विद्यार्थी 30 जून तक सोसायटी के नाहरपुरा एमजीएम उर्दू हायर सेकंडरी स्कूल परिसर स्थित कार्यालय से सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक साफ्ट प्लस कार्यालय सैलाना यार्ड से सुबह दस से शाम पांच बजे तक तथा सेंट हैदर हायर सेकंडरी स्कूल कार्यालय जावरा से कार्यालीन समय मे आवेदन प्राप्त कर वहीं जमा करा सकते है। आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज के दो फोटो व अंकसूची की फोटोकाफी लगाना जरूरी है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जांच हेतु नमूने लिए गए

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन रतलाम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल द्वारा जावरा में स्थित जैन ढाबा एंड फेमिली रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर लस्सी, सोयाबीन तेल उपयोग किया हुआ एवं सोयाबीन तेल लूज के नमूने लिए तथा सरदार पंजाबी ढाबा से आटा एवं सोयाबीन तेल के नमूने लिए गए। दोनो ही खाद्य संस्थानों के मालिकों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और गुणवातायुक्त खाद्य पदार्थो का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए। सभी लिए गए नमूने जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। आगे भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# विद्वान से कहीं अधिक बड़ा विद्यावान होता है : पं. योगेश्वर शास्त्री

**रतलाम।**

विद्वान होना अधिक महत्वपूर्ण या बड़ी बात नहीं है । बड़ी और महान बात यह है कि आप कितने विद्याशील है। समाज हमेशा विद्वानों का सम्मान करता है, लेकिन विद्या वान जन्म-जन्मांतर तक पूजनीय रहता है।

रावण बहुत विद्वान था वेद शास्त्री था मर्मज्ञ महापंडित था भगवान शिव का महाभक्त था अनेको सिद्ध शक्तियां उसके पास थी लेकिन अपने आचरण और दुष्ट विचारों के कारण आज तक निंदा और घृणा का पात्र बना हुआ है और सदियों तक बना रहेगा। वहीं यदि विद्याशीलता की बात करें तो भगवान हनुमान जी का नाम लेना ही पर्याप्त है। बुद्धि, बल, चतुरता और पुरुषार्थ का समग्र स्वरूप हनुमान जी के चरित्र में दिखाई देता है। बुद्धीमता के साथ-साथ विनयशीलता का पर्याय थे हनुमान जी रामायण काल से लेकर वर्तमान समय तक हनुमान जी सर्वाधिक पूजनीय देवताओं में गिने जाते हैं । हनुमान जी ने अपने पुरुषार्थ और अतुलित बल शक्ति से संपूर्ण सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया था लेकिन इसका श्रेय उन्होंने कभी नहीं लिया। वह हमेशा भगवान श्री राम की कृपा को सर्वोपरि मानते थे आज भी लोग विद्वता और विद्यावान में अंतर नहीं कर पाते हैं। विद्वान होना संसाधन और प्रलोभन का परिणाम रहता है और विद्यावान सदा परमार्थ का भाव लेकर अपना कार्य करते हैं । अपने ज्ञान और विद्या का उपयोग सर्वांगीण समाज के लिए करते हैं। लोगों की रक्षा के लिए करते हैं लोगों का जीवन सुधारने के लिए करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा में अनेकों पौराणिक कथाएं इस बात का प्रमाण है कि भाग्यवान होना और महाभाग्यशाली होना दोनों अलग-अलग रूप से अपनी स्थिति को प्रकट करते है, दुर्योधन भाग्यशाली था जो राज्यकुल में पैदा हुआ लेकिन बालक ध्रुव राज कुल में पैदा होने के बाद अपने चरित्र से सर्वथा पूजनीय और अजर अमर चरित्र के रूप में विख्यात हुए । भगवान श्री कृष्ण ने भी अपनी लीलाओं में इन चरित्र का उत्तम तरीके से प्रयोग किया है ।



उपरोक्त उदगार स्थानीय मंगल मूर्ति रेसीडेंसी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन वेदमर्मज्ञ भागवताचार्य पंडित योगेश्वर शास्त्री जी ने व्यक्त किए । आपने भगवान श्री कृष्ण के चरित्र को बाल्यकाल से लेकर मथुरा वृंदावन में कंस युद्ध और उसके विनाश का बहुत ही संवेदनशील चित्रण करते हुए युद्ध की प्रासंगिकता को दर्शाया। जरासंध वध और द्वारिका निर्माण का औचित्य बताते हुए आपने कहा कि द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण रणछोड़ नहीं थे। अपितु जरासंध ने मगध से लेकर मथुरा तक ब्राह्मणों के वध की जो प्रतिज्ञा ली थी उससे ब्राह्मणों को बचाने के लिए द्वारका प्रस्थान कर गए थे,वहां जाकर वैभवशाली द्वारिका का निर्माण किया था । श्रीमद् भागवत कथा में वर्णित गाथाएं मनोरंजन या हास्य विनोद के लिए नहीं है । अपितु जीवन के मर्यादित आचरणो का प्रतिबिंब है। आपने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग को प्रयोगात्मक रूप से करवाते हुए तुलसी विवाह की मान्यता को भी प्रतिपादित किया। दोनों सनातन संस्कार वर्तमान समय तक क्रियाशील है। विवाह संस्कार और तुलसी विवाह हमारी सनातन सभ्यता और संस्कारों का अनिवार्य अंग बन गया है। जो समाज में आदर्श जीवन की कल्पना को साकार करता है। जीवन में तुलसी विवाह करवाना या उसका साक्षी बनना परम पुण्य कर्म का कारण बनता है।

कथा आरंभ होने के पूर्व महापौर प्रहलाद पटेल ने पोथी पूजन कर स्वामी जी का सम्मान किया एवं भजन गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया। कथा पश्चात आरती में समाजसेवी संजय दवे, लायंस क्लब की रीजन चेयरपर्सन प्रेमलता दवे, पूर्व एमआईसी सदस्य सूरज सिंह जाट, पूर्व पार्षद कांग्रेस नेता राजीव रावत, वर्तमान पार्षद आशा रावत, निमिष व्यास, जगदीश सोनी, कमलेश पालीवाल, शरद चतुर्वेदी, एलआईसी शाखा प्रबंधक मनोज खंडेलवाल, पंकज सक्सेना, हेमेंद्र उपाध्याय, राजेंद्र मेहता, समग्र शिक्षक संघ के कमल सिंह सोलंकी, नरेंद्र सिंह चौहान, चरण सिंह यादव आदि ने आरती में सम्मिलित होकर पोथी पूजा एवं पंडित योगेश्वर शास्त्रीजी का सम्मान किया। कैलाश शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश शर्मा, सुनील शर्मा, निखिलेश शर्मा, मनीष शर्मा, प्रियेश शर्मा, श्याम सुंदर भाटी, भगवती लाल सालवी, विजय यादव, राधावल्लभ व्यास, देवेंद्र हाडा, ओ.पी. जोशी, कैलाश व्यास, विनोद शर्मा, राजेंद्र व्यास, रीशल पुरोहित आदि उपस्थित थे। संचालन दिलीप वर्मा तथा अभार प्रगति शर्मा ने व्यक्त किया।

# जलसंरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपन भी करें : कैबिनेट मंत्री श्री पटेल

**रतलाम।**

कैबिनेट मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 22 मई को रतलाम दौरे पर आए। मंत्री श्री पटेल ने ग्राम पंचायत ठिकवा, जनपद पंचायत रतलाम में कुडेल नदी उद्गम स्थल पर 104 किमी लंबी कुडेल नदी के पुनर्जीवन कार्य का विधि विधान से पूजन कर शुभारंभ किया।



कुडेल नदी का पुनर्जीवन कार्य म.प्र सरकार एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से किया जा रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार जल संरक्षण का पुण्य कार्य कर रही हैं, जनता की पानी की समस्या का समाधान करने के काम को प्राथमिकता से कर रही हैं। पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार करके जल स्तर बढाने के लिए पूरे प्रदेश में काम हो रहा है। नदी नालो में पूरे बारह माह पानी बहता रहे इसके लिए उनके स्त्रोत जीवित करने का काम किया जा रहा है। इस काम में आमजन भी सहयोग करें, इसके लिए लगातार काम करते रहे, आने वाली पीढ़ी के लिए पानी सुलभता से उपलब्ध हो सकेगा। सभी मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संवर्धन के लिए काम करें एवं वर्षाकाल में सभी पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करे, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे बहुत जरूरी है। हम प्रकृति से जो ले रहे, उसे लौटाये भी तभी मानव जीवन सुखी हो पाएगा, जल का दोहन कर रहे हैं, तो जल संरक्षण भी करे, पेड़ पौधों से फल, लकड़ी, शुद्ध वायु हम ले रहे हैं, तो पौधारोपण अवश्य करें, छोटी छोटी जल संरचनाओं के बनने से जल स्तर बढेगा। इसलिए छोटी छोटी जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करें। विधायक रतलाम ग्रामीण श्री मथुरा लाल डामोर, ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव ने बताई।

कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लाला बाई शंभूलाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती साधना जायसवाल, उपाध्यक्ष हितेंद्र सिंह सिसोदिया, सरपंच बलराम चौधरी, ईश्वर लाल पाटीदार, दीनदयाल पाटीदार, गोविंद काकानी, गोपाल काकानी, डीआईजी मनोज सिंह, एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## बी.एड. में प्रवेश प्रारम्भ

**रतलाम।** उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन ने दो वर्षीय नियमित बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया कार्यक्रम जारी किया है। आवेदकों को प्रवेश उनके स्नातक/ स्नातकोत्तर के अंको के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से दिया जाएगा। सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के लिये स्नातक/स्नातकोत्तर में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिये 5 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे आवेदक जिनका स्नातक अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है, वे प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्राप्तांको का प्रतिशत आनलाईन पंजीयन के समय दर्ज कर, प्रावधिक प्रवेश प्राप्त कर सकते है। यह जानकारी देते हुए रॉयल महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आर.के. अरोरा ने बताया कि, बी.एड. में प्रवेश हेतु एम.पी. आनलाईन पर पंजीयन किये जाएगे। आनलाईन पंजीयन का प्रथम चरण दिनांक 15 मई 2025 से 30 मई 2025 तक निर्धारित है, आनलाईन पंजीयन उपरान्त यदि आवेदकों का ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन नहीं होता है तो आवेदकों को स्वयं उपस्थित होकर अपने दस्तावेजो का सत्यापन निर्धारित शासकीय हेल्प सेन्टर पर करवाना होगा, जिसकी दिनांक 16 मई 2025 से 31 मई 2025 है। सत्यापित आवेदकों को मेरिट एवं वरीयता अनुसार प्रथम चरण में सीट आवंटन दिनांक 05 जून 2025 को जारी होगा। महाविद्यालय आवंटन पश्चात आवेदक को निर्धारित शासकीय हेल्प सेन्टर पर मूल दस्तावेजों, मूल टी.सी. तथा मूल माइग्रेशन (विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से बाहर के विद्यार्थियों के लिये) के साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर प्रवेश शुल्क की लिंक इनिशिएट कराना तथा प्रवेश शुल्क का भुगतान दिनांक 05 जून 2025 से 12 जून 2025 के मध्य जमा कर, अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।

## कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने विरूपाक्ष महादेव मंदिर के दर्शन किए

**रतलाम।** कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कुडेल नदी पुनर्जीवन कार्य का शुभारंभ कर ग्राम बिलपांक में स्थित अति प्राचीन विरूपाक्ष महादेव मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरा लाल डामोर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लाला बाई शंभूलाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती साधना जायसवाल, उपाध्यक्ष हितेंद्र सिंह सिसोदिया, सरपंच बलराम चौधरी, ईश्वर लाल पाटीदार, दीनदयाल पाटीदार, गोविंद काकानी, गोपाल काकानी, डीआईजी मनोज सिंह, एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर, सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव एवं ग्राम पंचायत बिलपांक सरपंच श्रवण पाटीदार भी उपस्थित रहे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता चौपाल आयोजित

**रतलाम।**

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद जावरा जिला रतलाम के तहत नवांकुर संस्था सरसोदा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ढोढर प्रस्फुटन समिति के माध्यम से शनि मंदिर पर जन जागरूकता चौपाल का आयोजन कर पिंगला नदी गहरीकरण हेतु श्रमदान किया गया।



इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ग्रामीणजनों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता श्यामदास जी महाराज धामनोद ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मुझे जल गंगा संवर्धन अभियान पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि नदी, तालाब, बावडियों को शुद्ध रखेंगे और जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में हम अपनी भूमिका निभाएंगे। चाहे वह प्लास्टिक नदियों में न फेंकना हो या पानी की हर बूंद की बचत करना हो।

गंगा बचेगी, तो देश बचेगा, जल बचेगा, तो जीवन बचेगा। जैसा कि हम सभी जानते हैं, नदियां हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की धारा है। परंतु यह भी एक कटु सत्य है कि आज नदियां तालाब और अन्य जल स्रोत प्रदूषण और अति दोहन के कारण संकट में हैं इन्हें बचाने का हमें संकल्प लेना होगा। संभाग समन्वयक श्री शिव प्रसाद मालवीय द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का उद्देश्य बताया गया।

इस दौरान नवांकुर संस्था के सचिव नन्द किशोर माली, संस्था के अध्यक्ष बद्री माली, सचिव किशोर माली, ग्राम पंचायत के सरपंच जगदीश माली, तारा खेड़ी समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमावत, परामर्शदाता देवी सिंह राठौर, रघुवीर सिंह चन्द्रावत, व्यायामशाला संचालक जितेंद्र राठौड़, राजेश प्रजापत एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र बनाने वालों के विरुद्ध कारवाई

**रतलाम।** थाना स्टेशन रोड पर कार्यालय सिविल सर्जन. सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय रतलाम के माध्यम से रिपोर्ट की गई कि बापुलाल पिता रामाजी गुर्जर द्वारा एक कूटरचित जन्म प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय प्रस्तुत किया गया था जिसका जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय द्वारा प्रमाण पत्र की सत्यता की जाँच करते उनके द्वारा जन्म प्रमाण पत्र असत्य होकर कूटरचित होना पाया। जो पृथम दृष्टया अपराध धारा 336(3),337 वीएनएस का पाया जाने से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा घटना की गंभीरता के दृष्टिगत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक स्वराज डाबी के नेतृत्व में थाना स्टेशन रोड की टीम घटित कर घटना की जांच कर वैधानिक कारवाई करने के निर्देश प्रदान किए। बापुलाल पिता रामाजी ग्राम ग्वालगढ से पूछताछ में बताया कि अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पर 200 रूपये देकर दिनदयाल नगर शनी मदिर के पास दुकान से बनाया गया हैं। जिसके आधार पर रोहित पिता रघुनाथ दूबेला की तनिष्क रूक्क शठ्ठद्यद्बठ्ठद्द बाजना बस स्टैंड रतलाम पर पहुंचकर छानबीन की गई । छानबीन के दौरान उनके कंप्यूटर में और भी जन्मप्रमाण पत्र मिले है। जिनके संबंध में जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी = रोहित पिता रघुनाथ दूबेला उम्र 28 साल निवासी गवली मोहल्ला बाजना बस स्टैंड थाना दीनदयाल नगर रतलाम *तनिष्क रूक्क शठ्ठद्यद्बठ्ठद्द बाजना बस स्टैंड रतलाम, बाबूलाल गुर्जर पिता राम जी गुर्जर उम्र 35 साल निवासी ग्वाल गढ़ थाना शिवगढ़ जिला रतलाम जब्त सामग्री : तनिष्क एम पी ऑनलाइन से कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर जप्त किए गए सराहनीय भूमिका : निरीक्षक स्वराज डाबी थाना प्रभारी स्टेशन रोड, उनि जितेंद्र कनेश, उनि राजू मखोड़, आर स्नेह पाल, आर धीरेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

## युवक की पिटाई करने वाली युवती साथियों सहित गिरफ्तार

**इन्दौर ।** युवती द्वारा अपने दो साथियों के साथ युवक को बीच सड़क पर पीटने के वायरल विडियो के आधार पर कार्रवाई करते पुलिस ने युवती शालु और उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई लसूड़िया थाना पुलिस ने की है। पुलिस के अनुसार अन्य गिरफ्तार आरोपियों के नाम बादल पिता हीरालाल बंसल निवासी अम्बेडकर नगर और विशाल पिता गब्बर बरेड मालवीय नगर है। शालु पीड़ित युवक की पूर्व प्रेमिका है। पुलिस ने पीड़ित युवक ऋषि मिश्रा उम्र पच्चीस साल निवासी पंचवटी कालोनी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बता दें कि मंगलवार रात करीब 12 बजे ऋषि अपनी महिला मित्र के साथ रैपिडो से घर जा रहा था। रास्ते में उसे उसकी पुरानी प्रेमिका शीलु चौकसे मिली, जिसके साथ उसका ब्रेकअप हो चुका है। शीलु ने उसे रास्ते में रोका और बोली की तू घर होने का बोलकर किस लड़की के साथ घूम रहा है। और ऋषि के साथ उस युवती को देख शीलु भड़क गई और उसका कॉलर पकड़कर पीटने लगी। साथ ही उसके दोस्त बादल और विशाल ने भी ऋषि को पीटा और उसके पूरे कपड़े फाड़ दिए।

# जैव विविधता पृथ्वी पर सभी जीवन का आधार

**बाकानेर।** इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई का विषय है प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास÷।प्राचीन समय से ही भारत के ऋषि-मुनियों को प्रकृति संरक्षण और मानव के स्वभाव की गहरी जानकारी थी। वे जानते थे कि मानव अपने क्षणिक लाभ के लिए कई मौकों पर गंभीर भूल कर सकता है। अपना ही भारी नुकसान कर सकता है। इसलिए उन्होंने प्रकृति के साथ मानव के संबंध विकसित कर दिए। ताकि मनुष्य को प्रकृति को गंभीर क्षति पहुंचाने से रोका जा सके।भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को मां स्वरूप माना गया है।

जैव विविधता पृथ्वी पर सभी जीवन का आधार है और सभी लोगों के आर्थिक समृद्धि के लिए मौलिक है। पृथ्वी पर सबसे अधिक जैव विविधता वाले स्थानों में से कुछ पारिस्थितिकी तंत्रों की एक श्रृंखला है, जिनमें से प्रत्येक में समृद्ध वनस्पति और जीव हैं।इन जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट में, अनगिनत प्रजातियां जटिल पारिस्थितिक तंत्र में सह-अस्तित्व में रहती हैं, जिनमें से प्रत्येक अपने संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 1992 में रियो डी जेनेरियो में आयोजित पृथ्वी सम्मेलन में जैव विविधता की मानक परिभाषा अपनाई गयी। इस परिभाषा के अनुसार, ÷जैव विविधता के समस्त स्रोतों यथा- अंतर क्षेत्रीय, स्थलीय, सागरीय एवं अन्य जलीय नक्षत्रों के अनुसार जीवों के मध्य अंतर एवं साथ ही उन सभी स्रोत समूह, जहां ये भाग हैं, में पाई जाने वाली विभिन्नताएं हैं।भारत भी दुनिया के सबसे जैव विविधता वाले देशों में से एक है, जहां घने वर्षा वनों से लेकर तटीय आर्द्र भूमि तक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र हैं। भारत दुनिया के शीर्ष 10 जैव विविधता वाले देशों की सूची में शामिल है।जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, अति-दोहन और भूमि उपयोग परिवर्तन जैसी व्यापक समस्याएं जैव विविधता में गिरावट का कारण बन रही है।सुंदरबन जैसे मैंग्रोव वन समुद्र-स्तर में वृद्धि, कीचड़ (द्व्हस्र) की कमी और सिकुड़ते पर्यावासों जैसे 'तिहरे खतरे' का सामना कर रहे हैं। जंगलों में आग के कारण जंगल और जैवविविधता प्रभावित हो रही है। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने विगत 16 मई को काठमांडू में जलवायु परिवर्तन और पर्वतीय क्षेत्रों पर इसके प्रभाव पर एक वैश्विक संवाद ÷सागरमाथा संवाद÷ को संबोधित करते हुए हिमालय की बढ़ती पारिस्थितिकी अति संवेदनशीलता की ओर दिलाया, जो तेजी से ग्लेशियर पिघलने की ओर इशारा है। जलवायु संकट बढ़ाने में बहुत कम योगदान देने के बाबजूद हिमालयी समुदाय खतरे में है। हिमालय क्षेत्र में तापमान वृद्धि के कारण प्रजातियां अधिक ऊंचाई की ओर जा रही हैं, जिससे उच्च-तुंगता पर वास करने वाले हिम तेंदुए जैसे जीवों के लिये खतरा उत्पन्न हो रहा है।हिमालय पर्वतों से भी पूरानी पश्चिम घाट जो कि गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु से गुजरता है, जिसके संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा 2011 में गाडगिल और 2013 में कस्तूरी रंगन समिति का गठन किया था। विशेषज्ञों ने सरकार को सुझाव दिया कि पश्चिम घाटों पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में घोषित किया जाए। केवल सीमित क्षेत्रों में सीमित विकास की अनुमति हो।परन्तु इस क्षेत्र में अनियंत्रित उत्खनन, पहाडीयों और पेडो की कटाई, अत्यधिक बुनियादी ढांचे का विकास आदि बडे पैमाने पर हो रहा है। कई पहाड़ी इलाकों में भवन निर्माण से जुड़े नियम नहीं हो हैं परन्तु प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जाता है।सितंबर 2020 में जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति मंच (आईपीबीईएस) द्वारा प्रकाशित दस्तावेज़ न केवल प्रकृति के खतरनाक क्षरण की चेतावनी देता है, बल्कि इसे एक ऐसे कारक के रूप में इंगित करता है जो भविष्य में महामारियों के जोखिम को बढ़ाता है।



भारत में 45,000 से अधिक पौधों की प्रजातियां और 90,000 से अधिक पशुओं की प्रजातियां हैं, जिनमें बंगाल टाइगर और भारतीय हाथी जैसे प्रतिष्ठित जीव भी शामिल हैं।जंगल और घास के मैदान प्राकृतिक फिल्टर के रूप में कार्य करते हैं, जो हमारी हवा और पानी को शुद्ध करते हैं। विविध पारिस्थितिकी तंत्र मिट्टी की उर्वरता में योगदान करते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। मधुमक्खियों और तितलियों जैसे कीट परागणकर्ता हमारी फसलों की सफलता सुनिश्चित करते हैं, जबकि अनगिनत अन्य प्रजातियां खाद्य श्रृंखला की नींव बनाती हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखती है।जैव विविधता के नुकसान के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारकों में जैसे प्रदूषण, आवास की हानि, शिकार, आक्रामक प्रजातियों की बढ़ोतरी, पसंदीदा प्रजातियों का अत्यधिक दोहन, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदा है।मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित जलीय जीव है तथा जलचर पर्यावरण को संतुलित रखने में इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।जिस पानी में मछली नहीं हो तो निश्चित ही उस पानी की जल जैविक स्थिति सामान्य नहीं है। वैज्ञानिकों द्वारा मछली को जीवन सूचक (बायोइंडीकेटर) माना गया है।अमरकंटक से निकलकर खंभात की खाडी में गिरने वाली नर्मदा नदी पर गत दशकों में अलग- अलग बांध बनने के बाद इसके पानी का प्राकृतिक बहाव में रुकावट आई है, जिससे मध्यप्रदेश की राजकीय मछली महाशीर के अस्तित्व पर संकट आ गया है। भारत में जैव विविधता के नुकसान से निपटने के लिए स्पष्ट बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जैव विविधता संरक्षण प्रयासों में मूल कारणों का समाधान होना चाहिए और यह स्थानीय समुदायों को शामिल करके ही किया जाना चाहिए। जैव विविधता संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा ÷जैवविविधता संरक्षण कानून 2002÷ और इसके क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश में÷जैवविविधता नियम 2004÷ बनाया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने 2005 में जैवविविधता बोर्ड का गठन भी किया है।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य जैव विविधता बोर्ड की 17 वीं बैठक में निर्णय किया गया कि प्रदेश की जैव विविधता का दस्तावेजीकरण करने के लिए लोक जैव विविधता पंजी का निर्माण और इसे डायनेमिक डिजिटल लोक जैव विविधता पंजी के रूप में बनाने का भी निर्णय लिया गया।गिद्धों की घटती संख्या एक चिंता का विषय है। इसके संरक्षण की पहल किया गया है। एक समय भारत में गिद्धों की संख्या चार करोड़ से अधिक थी, लेकिन 2000 तक इनकी संख्या में लगभग 99त्न की गिरावट दर्ज की गई। इसके पीछे डाइक्लोफेनेक नामक पशु चिकित्सा दवा को प्रमुख कारण माना गया, जिस पर अब केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाया है। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं - 2021 में मध्यप्रदेश में 9,446 गिद्ध, 2024 में 10,845 गिद्ध, और 2025 की पहली गणना में यह संख्या 12,000 से अधिक पहुंच चुकी है। ऐसे कई विलुप्त होते वनस्पति और जीव - जंतुओं को संरक्षित करना आवश्यक है। पृथ्वी की अधिकांश जैव विविधता का प्रबंधन स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों द्वारा किया जाता है, यही कारण है कि यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि उन्हें प्रकृति की रक्षा और पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक समर्थन मिले। जानकारी राज कुमार सिन्हा बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ ने दी।

# भारतीय सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

## सभी धर्मों के लोगों ने यात्रा में शामिल होकर पेश की देशभक्ति की मिसाल





**बाग।** आपरेशन सिंदुर को अभुतपूर्व एतिहासिक सफलता में देश की सेना के अदम्य शोर्य को नमन करने एवं भारतीय सेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए व भारतीय सैनिकों के सम्मान में शहर में गुरुवार शाम को बाग में देशभक्त जागरुक नागरिकों द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई । जिसमें सर्व समाज के नागरिकों ने एक साथ भाग लेकर सामाजिक एकता और देशभक्ति की अनूठी मिसाल पेश की। यह यात्रा श्री जबरेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए विजय स्तंभ चौराहे पर पहुंची जहां मां भारती की आरती के पश्चात यात्रा का समापन किया गया । यात्रा का जगह-जगह पुष्प बरसाकर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का उद्देश्य देश की रक्षा में समर्पित भारतीय सैनिकों के त्याग और वीरता को नमन करना था। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी समाजन के लोगों ने एक साथ कदम से कदम मिलाकर देश के लिए एकजुटता का संदेश दिया। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और नारों से वातावरण गूंजता रहा। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी यात्रा में भाग लेकर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। नगरवासियों ने इस यात्रा को एक प्रेरणादायक पहल बताया। उनका कहना था कि यह यात्रा में जिस तरह नगर के देशभक्त जागरुक नागरिकों ने बड़ चढ़कर उत्साह से सामिल होकर सेनिको के सम्मान में निकली यात्रा को एतिहासिक बनाया ?। ओर यह संदेश दिया की हम देश के ओर देश के सेनिको के साथ है । जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मेड़ा ने भी अपने समर्थकों के साथ इस यात्रा में हिस्सा लिया । सेना के दो रिटायर जवान मानसिंह मकवाना और सुभान सिंह मंडलोई रथ पर सवार थे । वहीं एक बालिका को भारत माता के रुप में सजाया गया था । रिटायर सैनिकों ने यात्रा के समापन में भारत माता की आरती की एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।



# सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा 30 से

**अमझेरा।** गंगा दषहरे के उपलक्ष्य में 30 मई से 5 जून तक समीपस्थ प्राचिन त्रिवेणी संगम फतियापुराधाम मांगोद में सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसका वाचन भागवताचार्य पं.सुभाषजी शर्मा दत्तीगांव वाले के द्वारा किया जावेगा । कथा के शुभारंभ पर कलष यात्रा निकाली जावेगी एवं श्री कृष्णजन्मोत्सव,श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र के साथ गंगा दषहरे पर भंडारा महाप्रसादी के साथ समापन होगा । उक्त जानकारी फतियापुराधाम के महंत गरूड़दासजी महाराज के द्वारा दी गई।



# ग्राम पंचायत कलमी की समस्याओं पर प्रशासन सख्त संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

**डही।** ग्राम पंचायत कलमी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी को लेकर सरपंच लीलाबाई बघेल ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को समस्याओं से अवगत कराया था। जिसके बाद अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गांव का दौरा किया। दरअसल कलेक्टर मिश्रा ने जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत कलमी की सरपंच लीला बाई से विडियो कांफ्रेंस के जरिए विस्तार से चर्चा की थी। सरपंच ने कलेक्टर को बताया कि ग्रामीण लंबे समय से जल, सड़क और अन्य आवश्यक सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस गंभीर स्थिति पर तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की एक संयुक्त टीम को मौके पर भेजने के निर्देश दिए। जिसके बाद आज ग्राम कलमी में एसडीएम कुक्षी विशाल धाकड़, तहसीलदार डही सहदेव मोरे, जनपद पंचायत सीईओ डही प्रभात कुमार द्विवेदी एवं पीएचई विभाग के एसडीओ की संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में लापरवाही सामने आई। जिस पर अधिकारियों ने ठेकेदार को चेतावनी देते हुए सख्त फटकार लगाई और कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। संयुक्त टीम द्वारा कलमी से खयड़ी तक जाने वाले मार्ग और मेल्यापुरा से मुख्य सड़क खयड़ी तक के रास्ते का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने पिछड़े मोहल्लों में पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और क्षेत्र की जर्जर स्थिति को 'चिंताजनक' करार दिया। इस दौरान एसडीएम धाकड़ ने शीघ्र रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने और आवश्यक स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य आरंभ कराने की बात कही। इधर गांव का दौरा करने के बाद पंचायत भवन में एसडीएम विशाल धाकड़ ने बैठक लेकर सरपंच और ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा भी की। उल्लेखनीय है कि उक्त सड़क निर्माण एवं क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए राकेश बघेल एवं अन्य युवा सतत संघर्षरत हैं। गांव के युवाओं के साथ ही सरपंच लीला बाई विगत दिनों कलेक्टर से मिलने धार भी गए थे।

**ग्रामवासियों में जागी उम्मीद की किरण-** प्रशासनिक अमले की सक्रियता एवं समस्या समाधान की गंभीर मंशा को देखकर ग्रामवासियों में नई उम्मीद जगी है। सभी ने अपेक्षा जताई है कि अब जल्द ही वर्षों से लंबित विकास कार्य मूर्त रूप लेंगे। इधर ग्रामीणों की सक्रियता एवं लगातार उठाई जा रही आवाज का ही परिणाम है कि प्रशासन अब जमीनी हकीकत को समझकर त्वरित कदम उठा रहा है।



## इंदौर जिला सॉफ्टबॉल दोनों वर्गों में चैंपियन

इंदौर। 43 वी राज्य स्तरीय जूनियर साफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन चिमनबाग मैदान पर जिला साफ्टबॉल संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा के पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में इंदौर ने टीकमगढ़ को 2-0 से हराया और विजेता बना । वहीं बालिका वर्ग में इंदौर जिले ने भोपाल को 5-2 से हराया और चैंपियन बनी । तीसरा स्थान बालक वर्ग में उज्जैन एवं बालिका वर्ग में बैतूल रहा । स्पर्धा में मुख्य अतिथि प्रवीण अनावकर ( सचिव भारतीय सॉफ्टबॉल संघ) , राजकुमार सहगल ( चेयरमैन सॉफ्टबॉल संघ मध्यप्रदेश) , प्रदीप नारुलकर ( सह सचिव मध्य प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ ) रहे । स्पर्धा में बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड इंदौर से अथर्व शर्मा को दिया गया । इस मौके पर राकेश मिश्रा , सविता पारखे, सुबोध चौरसिया, विक्रांत आखरे, देवेश चंदेल , राखी चौहान , लोकेश यादव , दुर्गा पाल ने किया ।

## मध्य प्रदेश अंडर 13 चयन शतरंज स्पर्धा

इंदौर ! ऑल इंदौर चेस एसोसियेशन द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश राज्य चयन शतरंज स्पर्धा अंडर 13 कैटेगिरी मै ओपन व गर्ल्स कैटेगरी की शतरंज स्पर्धा 24 व 25 मई को ओरिएंटल यूनिवर्सिटी इंदौर में आयोजित होगी! ऑल इंदौर चेस एसोसियेशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी ने जानकारी दी कि इस स्पर्धा मै इंदौर, देवास, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर सागर ,विदिशा, कटनी, छिंदवाड़ा, सिंगरौली,ईस्ट निमाड़ (खंडवा),शाजापुर , सिवनी आदि जिलों के 111 खिलाड़ी भाग लेंगे! 4 मई को प्रातः 10 बजे खिलाड़ियों की मीटिंग होंगी एवम् प्रातः 11 बजे स्पर्धा का पहला चक्र खेला जायेगा! स्पर्धा मै 24 रेटेड खिलाड़ी भाग ले रहे है! स्पर्धा मै ग्वालियर के 6 वर्षीय गार्विक गुप्ता सबसे छोटे खिलाड़ी के रूप मे भाग ले रहे है। इस मध्य प्रदेश राज्य चयन शतरंज स्पर्धा अंडर 13 के विजेता प्रथम दो दो खिलाड़ी राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे !

## मलखंब खिलाडी कु. सुहानी खमरोला का चयन खेलों इंडिया टीम में



इंदौर। जिले की मलखंभ खिलाडी कु. सुहानी खमरोला का चयन मध्य प्रदेश टीम में हुआ है। यह टीम बीच गेम्स दीप में भाग लेगी। कोच संतोष राठौर ने बताया कि सुहानी पूर्व में भी खेलों एमपी प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर चुकी है। इस उपलब्धि पर पुलिस उपायुक्त प्रकाश परिहार सहित अन्य अधि कारियो ने सुहानी को बधाई दी।

## खालसा रात्रिकालीन टेनिस लीग का होगा रंगारंग शुभारंभ



इंदौर। प्रदेश की सबसे बड़ी रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खालसा लीग का आगाज 26 मई से किया जा रहा है। खालसा स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के लिए स्टेडियम को विशेष रूप से तैयार किया गया है। विशेषज्ञ क्युरेटर ने प्रतियोगिता के लिए मैदान को हरियाली का स्वरूप दे दिया है। प्रतिदिन तीन मैच 10-10 ओवर के खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में स्थानीय टीमों के अलावा विदेशी टीमें भी अपना जलवा दिखाएंगी। प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में स्थानीय टीमों के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद देश व विदेशों की टीमों अपना प्रदर्शन दिखाएंगी खालसा लीग के लिए टी-शर्ट का लोकार्पण फिल्म अभिनेता तुषार कपूर ने शुक्रवार सुबह किया। सीख टीम के साथ होगा लीग का आगाज खालसा लीग की शुरआत स्थानीय सीख टीम के साथ किया जाएगा। इसमे आठ पुरुषों व दो महिला टीम शामिल होगी। इसके अलावा 30 मई को इंदौर की 16 टीमों अपना जलवा दिखाएंगी। इसमें विजेता व उपविजेता टीम मैन ड्रॉ में खेलेंगी। 4 मई से इंटरनेशनल लीग की शुरुआत होगी। जिसमें देश की टॉप टीमें शामिल होंगी। वहीं इसमें श्रीलंका की टीम भी आकर्षण का केंद्र होगी। विजेता व उपविजेता टीमों पर होगी इनामों की बौछार खालसा लीग में विजेता व उपविजेता टीमों को नगद इनामी राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। विजेता टीम को 11 लाख रुपए की नगद राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 5 लाख रुपए राशि दी जाएगी। इसके अलावा व्यक्तिगत पुरस्कार बेस्ट बॉलर, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट क्षेत्ररक्षण को भी आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज को मोटर साइकिल दी जाएगी।

## गिल नए टेस्ट कप्तान के चयन में सबसे आगे

**मुंबई**-भारत के क्रिकेट चयनकर्ता शनिवार को यहां नया टेस्ट कप्तान चुनकर और इंग्लैंड में पांच मैचों की चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के लिए टीम का चयन करके सबसे लंबे प्रारूप में टीम के लंबे बदलाव के सफर की शुरुआत करेंगे। 25 वर्षीय शुभमन गिल इस हाई-प्रोफाइल काम के लिए स्पष्ट पसंदीदा हैं क्योंकि भारतीय टीम एक सप्ताह के अंतराल में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत कर रही है। साधारण तर्क से, जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर उप-कप्तान थे और उन्हें नेतृत्व की भूमिका में पदोन्नत किया जाना चाहिए, लेकिन उनकी दीर्घकालिक फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन पर सवालिया निशान चर्चा की मेज पर उनके खिलाफ जाने की संभावना है। ऋषभ पंत का आईपीएल में प्रदर्शन भले ही निराशाजनक रहा हो, लेकिन वह टेस्ट प्रारूप में भारत के बदलाव के चरण का महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं। चयनकर्ता उन्हें उप-कप्तान बना सकते हैं। नेतृत्व की दुविधा को छोड़कर, कोई बड़ा बदलाव अपेक्षित नहीं है। लीड्स में 20 जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में राहुल और यशस्वी जायसवाल के ओपनिंग करने की उम्मीद है।

# हैदराबाद ने बेंगलुरु को 42 रन से हराया

### ईशान किशन ने 48 बॉल पर 94 रन बनाए, पैट कमिंस को 3 विकेट

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने IPL 2025 के 65वें मैच में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को 42 रन से हरा दिया है। ऋक्ष्क्र ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 231 रन बनाए। जवाबी पारी में बेंगलुरु की टीम 19.5 ओवर में 189 रन पर ऑलआउट हो गई। उसकी ओर से फिल सॉल्ट ने 62 और विराट कोहली 43 रन बनाकर आउट हुए। पैट कमिंस ने 3 विकेट झटके। हर्षल पटेल और ईशान मलिंगा को दो-दो विकेट मिले। SRH से ईशान किशन ने 48 बॉल पर नाबाद 94 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।ईशान के अलावा, अभिषेक शर्मा ने 34, अनिकेत वर्मा ने 26 और हेनरिक क्लासन ने 24 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट झटके। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- जितेश शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, फिल सॉल्ट, मयंक अग्रवाल, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल, सुयश शर्मा और लुंगी एनगिडी। सनराइजर्स हैदराबाद- पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्?डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।





## जुझारू श्रीकांत ने भारत का परचम लहराया

कुआलालंपुर- अनुभवी भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां फ्रांस के उच्च रैंकिंग वाले टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेमों की कड़ी जीत के साथ मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत, जो वर्तमान में 65वें स्थान पर हैं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 और विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की टीम के रजत पदक विजेता हैं, ने एक घंटे 14 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी को 24-22, 17-21, 22-20 से हराने से पहले विश्व नंबर 18 पोपोव के खिलाफ कड़ी टक्कर दी। श्रीकांत अंतिम चार दौर में जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे जापानी खिलाड़ी ने शनिवार को एक अन्य पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव, जो टोमा जूनियर के भाई हैं, को 21-18, 16-21, 21-6 से हराया।



## दीक्षांत परेड का आयोजन सम्पन्न

इंदौर। सीमा सुरक्षा बल के प्रतिष्ठित सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर में दिनांक 23 मई 2025 को सीमा सुरक्षा बल के आरक्षक (ट्रेड्स मैन) से परिवर्तित आरक्षक (जीडी) बैच संख्या 204 के नव आरक्षक (जी डी) के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस परेड के मुख्य अतिथि श्री अलोक कुमार सिंह, महानिरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर रहे । उपरोक्त बैच का शपथ परेड संस्थान के क्वार्टर गार्ड में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।2. समारोह के प्रारंभ में इन नवआरक्षकों ने परेड के मुख्य अतिथि श्री अलोक कुमार सिंह, महानिरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर को सलामी दी। मुख्य अतिथि की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज को साक्षी मानकर सभी प्रशिक्षुओं ने अपनी ड्यूटी पूर्ण निष्ठा के साथ करने की शपथ ली। आज के इस शानदार परेड की कमान नव आरक्षक कपिल यादव के हाथों में थी। 3. उक्त बैच के कठिन प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न हथियारों, ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, मैप रिडिंग, युद्ध कौशल, निशानेबाजी, सीमा की निगरानी, आतंकवाद एवं उग्रवादियो से लड़ने की कला, इत्यादि का गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान इनके व्यक्तित्व को सँवारने एवं चरित्र निर्माण को विकसित करने हेतू दिए गए विशेष प्रशिक्षण के फलस्वरूप इन नव आरक्षको को देश कि विभिन्न सीमाओं एवं आन्तरिक सुरक्षा का दायित्व निभाने के लिए तैनात किया जाएगा। 4. मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निम्नलिखित नव आरक्षको को मैडल प्रदान कर उन्हे बधाई दी गई।- ओवरऑल प्रथम- आरक्षक सूरज कुमार - ओवरऑल द्वितीय- आरक्षक संदीप कुमार - शारीरिक दक्षता में श्रेष्ठ- आरक्षक विनायक मारुती पाटिल - सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज- आरक्षक रमेश कुमार कुड़ी - कवायद/ड्रिल में श्रेष्ठ- आरक्षक कपिल यादव 5. मुख्य अतिथि ने दीक्षांत परेड में शानदार परेड, टर्न आउट एवं जोश की सराहना की एवं प्रशिक्षित करने में अहम भूमिका निभाने वाले समस्त प्रशिक्षुओ को विशेष तौर पर बधाई दिया। उन्होंने परेड में शामिल सभी नव आरक्षको के माता-पिता को भी विशेष तौर से बधाई दिया जिन्होंनें देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा हेतु अपने सुपुत्रों को सीमा सुरक्षा बल में भेजा है। 6. इस अवसर पर श्री अलोक कुमार सिंह, महानिरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर, श्री सुरेन्द्र निठारवाल, सहा0कमा0, सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य पद तथा उपस्थित अन्य आगुन्तक इस मनमोहक दीक्षांत समारोह के साक्षी बने ।

### मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर होगा चयन

## शमी के भारतीय टीम में शामिल होने की संभावना नहीं

**नई दिल्ली-** ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले आगामी पांच हाई-स्टेक टेस्ट के लिए इंग्लैंड जाने की संभावना नहीं है। शमी, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए गेंदबाजी करने के लिए फिट हैं, ने टेस्ट क्रिकेट की उच्च मांगों के लिए आवश्यक कार्यभार नहीं बनाया है। रेड-बॉल सेटअप में भारत के लिए उनकी आखिरी उपस्थिति 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में थी।



## मध्यप्रदेश सब जूनियर कुश्ती टीम आज हरियाणा के पलवल के लिए रवाना हुई



इंदौर, मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया की मध्यप्रदेश अंडर 17 कुश्ती टीम आज हरियाणा के पलवल के लिए रवाना हुई। जहां 24 से 27 मई तक राष्ट्रीय सब जूनियर कुश्ती स्पर्धा में भाग लेंगे। ओलंपियन पप्पू यादव द्वारा मध्यप्रदेश की कमान (कप्तान) इंदौर के अंतर्राष्ट्रीय पहलवान विनय यादव को बनाया। राष्ट्रीय कुश्ती में प्रदेश के पहलवान दमदार प्रदर्शन कर पदक जीतेंगे।

**कुश्ती टीम इस प्रकार - फ्रीस्टाइल** -45 किग्रा - समर्थ पटेल, 48 किग्रा - गगन ग्वाला, 51 किग्रा- आलोक प्रजापति, 55 किग्रा- हितेश कुशवाह , 60 किग्रा- यश यादव, 65 किग्रा- निशित जयसवाल, 71 किग्रा -राजवीर परमार , 80 किग्रा - शैतान सिंह यादव, 92 किग्रा- अशीतोष बाड़ोद, 110 किग्रा -वंशपाल। ग्रीको रोमन -45 किग्रा - यश, 48 किग्रा- विनय यादव, 51किग्रा -योगेश यादव , 55 किग्रा - तुशांत जाधव, 60किग्रा- मो.अली पठान,65 किग्रा- युवराज यादव, 71 किग्रा - हिमांशु राठौर,80 किग्रा -रोहित राठौर, 92 किग्रा - पार्थ यादव, 110किग्रा - मोहम्मद ज़ैद **बालिका स्टाइल**- 40 किग्रा - वंशिका हार्डिया, 43 किग्रा - अविका रायकवार. 46 किग्रा - मान्यता बौरासी. 49 किग्रा- प्राची जोशी. 53 कि.ग्रा - अनिशा नायक, 57 किग्रा- सुखमन, 61 कि.ग्रा- निशा माली,65 कि.ग्रा - भूमिका वर्मा, 69 कि.ग्रा - श्रेया बौरासी. 73 किग्रा- मेघा कुशवाह

टीम के कोच होंगे -लोकेश परमार सीहोर, आदित्य रैकवार जबलपुर, अंतर्राष्ट्रीय कोच विनय कुमार, मैनेजर होंगे खंडवा के जगदीश पटेल। मध्यप्रदेश कुश्ती टीम को पदक जीतने की जोरदार प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं ओलम्पियन पप्पू यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, गोविंद गुर्जर, विकास यादव ने दी।

## जैन चार्टेर्ड अकाउंटेंट का प्रीमियर लीग आज, सीए लगायेंगे चौके छक्के

इंदौर। जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट फेडरेशन मालवा चैप्टर द्वारा जेसीएएफ़ स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक दिवसीय टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 24 जून को किया जा रहा है। जेसीएफ मालवा के प्रेसिडेंट सीए अपूर्व कंसल सीए पुष्कर जैन, महासचिव ने बताया कि मालवा क्षेत्र की कुल 12 टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेगी, जिसमें धार, खाचरोद, रतलाम और खंडवा जैसे शहरों की टीम भी पूरे उत्साह के साथ टूर्नामेंट खेलने आएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी होंगे जिसमें से एक महिला खिलाड़ी अनिवार्य होगी, प्रत्येक मैच 6 ऑवर्स के खेले जाएँगे जिसमे एक ओवर महिला खिलाड़ी द्वारा डालना अनिवार्य होगा। कोषाध्यक्ष अक्षय विजावत ने बताया कि इस तरह के खेल आयोजनों को प्रेरित करने की भावना से इंदौर शहर के कही बड़े बड़े व्यापारी ग्रुप इस टूर्नामेंट से प्रायोजक के रूप में जुड़े है।

सीए यश जैन सचिव ने बताया कि इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी लोग पिछले 1 महीने से अथक प्रयास कर रहे है।इसी के साथ जेसीएफ कमेटी जीव दया एवं जैन ट्रस्ट के डॉक्यूमेंट्स के सुधार कार्य में भी अपनी सेवा देता हैं जिनमें सीए आनंद जैन, सीए जितेंद्र जैन सीए चर्चिल जैन ,सीए मोहित बड़जात्या, सीए विनम्र पाटोदी, सीए दीपम बोहरा,सीए आदर्श जैन,सीए प्रनेश जैन, सीए अभिनव बंब , सीए समकित भंडारी सीए अनीश जैन, सीए आयुष जैन सीए राहुल जैन एवं सीए रवेश कटारिया शामिल हैं।




## स्व. सुरेशचंद्र लुणावत स्मृति टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में एमकेसीसी की शानदार जीत

इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में मास्टर ब्लास्टर एकेडमी द्वारा आयोजित स्व. सुरेषचन्द्र लुणावत स्मृति टी-20 स्पर्धा के अंतर्गत आज एमकेसीसी एवं स्टार क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 5 विकेट पर 240 रनों का विशाल स्कोर खडा किया जिसमें पंकज शर्मा ने 84 रन 10 चौके 6 छक्के, अभीषेक भंडारी ने 54 रन एवं नमन पांचाल ने 48 रनों का योगदान दिया। आर्यन चंदेल ने 2 विकेट लिये । जवाब में स्टार क्लब की टीम 17 ओवरो में 135 रनों पर सिमट गई और यह मैच 105 रनों के विशाल अंतर से हार गई । अंकित गुप्ता ने सर्वाधिक 39 रन बनाये । मोहनीष पाटीदार ने 4 विकेट लिये ।



**इन्दौर स्पोर्ट्स की रोमांचक जीत**- इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच इंदौर स्पोर्ट्स एवं राउ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर स्पोर्टस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 168 रन बनाये । शांतनु रघुवंशी ने 47 रन एवं अनिल मौर्य ने 33 रन बनाये । संदीप चौधरी ने 3 विकेट लिये । जवाब में राउ क्लब 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी और यह मैच 11 रनों से हार गई । सुरज यादव ने सर्वाधिक 57 रन बनाये । अनिकेत पाटील ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिये ।

**जय गिरनारी की आसान जीत**-इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच जय गिरनारी एवं एमवायसीसी के मध्य खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 18 ओवरो में सभी विकेट खोकर 82 रन बनाये । आयुष बुन्देला ने 3 विकेट एवं शाहिद पटले ने 2 विकेट लिये । जवाब में जय गिरनारी ने 10 ओवरो में 3 विकेट खोकर 86 रन बना लिये और यह मैच 7 विकेट से अपने नाम किया । कपिल यादव ने शानदार 43 रनों का योगदान दिया । सी एस मण्डलोई ने 2 विकेट लिये ।

**विजय क्लब की आसान जीत**-इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच विजय क्लब एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 107 रन बनाये । पवन गोंड ने 35 रन बनाये । वैदिक वाणी ने 4 विकेट एवं विनय व सागर ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब ने 12 ओवरो में 4 विकेट पर 110 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से आसानी से जीत लिया । आयुष निगम ने 68 रन बनाये । अमल चंदेल ने 2 विकेट लिये ।

**एकेसीए की आसान जीत**-इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच एकेसीए एवं आयसीसी के मध्य खेला गया जिसमे आयसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 64 रन बनाये । अन्वेष चावला एवं आयाम वर्मा ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए नक 5 ओवरा में 2 विकेट पर 68 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । अथर्व जोशी ने सर्वाधिक 37 रन बनाये ।

**सीसीआय की आसान जीत**-इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच सीसीआय एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमें एसएलएफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरो में सभी विकेट खोकर 99 रन बनाये । प्रणव व आर्यन ने 32-32 रनों का योगदान दिया । नचिकेत जायसवाल ने 4 विकेट एवं दिव्यांश शर्मा ने 2 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय ने 12 ओवरो में 4 विकेट पर 100 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया । कृष्णा दौर ने 33 रनों का योगदान दिया । प्रणव परिहार ने 2 विकेट लिये ।

**देव्ज एकेडमी की शानदार जीत**- इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमे देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो मे 8 विकेट पर 213 रन बनाये । यश मालाकार ने 68 रन एवं साराश सुराना ने 36 रनों का योगदान दिया । आदित्य ओसारी ने 3 विकेट लिये । जवाब में महू स्पोट्स 20 ओवरो में 9 विकेट पर 175 रनों पर सिमट गई और यह मैच 38 रनों से हार गई । प्रज्ञांश ने सर्वाधिक 55 रन बनाये । सोहम पटवर्धन ने 4 विकेट लिये ।

**एनसीए की रोमांचक जीत**-इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एक अन्य मैच एनसीए एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 6 विकेट पर 217 रन बनाये । अंकुश सिंह ने 65 रन एवं प्रज्जवल जोशी ने 40 रन बनाये । पियुष तिवारी ने 3 विकेट लिये । जवाब में एसएस कम्यून की टीम 20 ओवरो में 6 विकेट पर 206 रन ही बना पाई और यह मैच 11 रनों से हार गई । अमन जोशी न 67 रन एवं राहुल चन्द्रोल ने 41 रन बनाये ।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार आटो को टक्कर मार घुसी दुकान में, नशेड़ी कार चालक को पकड़ किया पुलिस के हवाले

**इन्दौर ।** ऑटो को टक्कर मारते हुए एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार दुकान में जा घुसी। हादसा निरंजनपुर इलाके में हुआ जिसमें ऑटो चालक घायल हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करा कार चालक को पकड़ पुलिस के हवाले किया। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार क्रमांक MP 09 CX 1537 स्कीम नंबर 114 की ओर से आ रही थी और निरंजनपुर चौराहे पर कार असंतुलित हुई और सामने से आ रहे ऑटो से टकराते हुए एक राशन की दुकान में जा घुसी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि जब उसने ऑटो को टक्कर मारी तो ऑटो तीन बार पलट गया, जिसके कारण ऑटो चालक को चोट आई। उसे अस्पताल पहुंचाया है। वहीं, कार जब राशन दुकान में घुसी तब दुकान में संचालक की दो साल की बेटी थी, जिसे मामूली चोट आई। एकत्रित लोगों ने नशे की हालत में कार चालक को पकड़ लसूड़िया थाना पुलिस के हवाले कर दिया ।

## रिटायर्ड पुलिस कर्मी के बेटे की पत्नी को लव जिहाद में फंसाने वाला जिम ट्रेनर गिरफ्तार



**इन्दौर ।** कल एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे ने विडियो बना सुसाइड नोट लिख जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी मामला मुस्लिम जिम ट्रेनर द्वारा उसकी पत्नी को लव जिहाद में फंसाने का था। मामले में पुलिस ने अस्पताल में युवक के बयान और सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई करते लव जिहादी मुस्लिम जिम ट्रेनर मोहम्मद मकसूद पिता अयूब खान को गिरफ्तार कर लिया है। मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार जिहादी ने जिम जाने के दौरान हिंदू महिला को प्रेमजाल में फंसा लिया था। जब पति को शंका हुई तो उसने लव जिहादी और पत्नी के खिलाफ सारे सबूत जुटाए। पुलिस ने कई शिकायतें की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार उसने चार पेजों का सुसाइड नोट लिखा और एक वीडियो बनाकर जहर खा लिया था। एसीपी मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान के अनुसार मामले में मोहम्मद मकसूद पिता अयूब खान पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने का प्रयास

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** जमीन का फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण कर उसे हड़पने की साजिश रचने वाले जालसाजों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया हैं।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक मामला छोटा बांगडदा रोड स्थित जमीन का हैं। फरियादी प्रदीप पिता रामदयाल यादव निवासी दूसरी पल्टन की शिकायत पर अमरीश पिता जितेन्द्र रुपाणी उसके भाई धानीष पिता जितेन्द्र रुपाणी के अलावा अभिजीत पिता हर्षद रुपाणी, तरुणा रुपाणी व अनिला रुपाणी सभी निवासी साउथ तुकोगंज के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी का केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि हमारी उक्त भूमि व उस पर निर्मित गोडाउन को हड़पने का आपराधिक षडयंत्र रचते हुए आरोपियों द्वारा मिलकर राजस्व रेकार्ड में हेराफेरी करवाई गई। फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति का नामांतरण राजस्व रेकार्ड में बतौर मालिक के रुप में उनके नाम से करवा लिया गया है। हर्षद व अन्य की मृत्यु होने के उपरांत अमरीश व अन्य आरोपियों ने मिलकर अपराधिक षडयंत्र रचते हुए उक्त संपत्ति को हडपने के लिए स्वयं को मालिक दर्शा कर धोखाधडी को अंजाम दिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## नौकरी के नाम पर 3 लाख की ठगी

**इंदौर।** एक युवक को जॉब दिलवाने के झांसा देकर 3 लाख ठगने का मामला सामने आया हैं। हीरानगर पुलिस के मुताबिक घटना 27 जुलाई 2024 की हैं। मामले में फरियादी प्रेमकुमार की शिकायत पर आरोपी सचिन तिवारी पिता संजीव तिवारी निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, सुखलिया,के खिलाफ केस दर्ज किया गया।आरोपी ने फरियादी को जॉब दिलवाने के झांसा देकर 3 लाख रुपये हासिल कर लिए।बाद में जॉब नही मिलने पर फरियादी ने रुपये वापस मांगे तो उसे चेक थमा दिया लेकिन इसे भी रुकवा दिया गया और रुपये वापस नही करते हुए धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया।मामले में आगे जांच की जा रही हैं।

## बोर्ड गिरने से हुई महिला की मौत में केस दर्ज

**इंदौर।** गत दिनों तेज हवा की वजह से बोर्ड उड़कर महिला पर जा गिरा। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खुड़ैल पुलिस ने शशि इंक्लेव कालोनी ग्राम सनावदिया का संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि गीता पति रमेश चन्द्र यादव (58) निवासी बिहाडिया ने आरोपी की कॉलोनी सामने पहुंची तो कि तेज हवा चलने लगी तो कालोनी में लगा हुआ उडकर आया ओर गीताबाई के सिर पर लगकर गिर गया। जिससे गीताबाई मोटर साइकिल से नीचे गिर गई। इससे गीताबाई के सिर,मुंह,कान मे ज्यादा चोंटे आई थी। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो आरोपी की लापरवाही सामने आई। उसने लापरवाही से बोर्ड को टांग दिया था। इसी के चलते उड़कर महिला पर गिर गया।

## पति को ही लूट लिया

### साथियों के साथ मिलकर पीटा और ले गई कार, नकदी व चांदी

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक व्यक्ति के साथ उसी की पत्नी द्वारा लूट की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया हैं। पति के घर साथियों के साथ पहुंची पत्नी ने पहले तो पति की पिटाई कर डाली,फिर कार,चांदी व नगदी लूटकर ले गई। घटना के साढ़े 5 माह बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया हैं। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना 5 जनवरी की हैं।मामले में फरियादी लीलाधर शर्मा पिता दाताराम शर्मा निवासी महालक्ष्मीनगर की शिकायत पर पत्नी मधुलिका शर्मा, लखन और आदित्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसका पत्नी मधुलिका के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। वह अपने दो साथी लखन और आदित्य के साथ आई थी। रिंग रोड पर उसे रास्ते में रोका और मारपीट कर कार, एक बैग जिसमें कुछ रुपए रखे थे तथा एक चांदी की चैन लूट कर भाग गई। उसके भागने के बाद आसपास के लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी।

# घुटने टेकने को मजबूर हुए मंत्री विजयशाह



## तीसरी बार मांगी माफी, कुर्सी जाने का डर...

**इंदौर।** सेना पर की गई विवादित टिप्पणी के कारण पूरे देश में विरोध की लहर के कारण मंत्री विजय शाह को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने तीसरी बार मामले में माफी मांगी है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अब उन्हें लगने लगा है कि कभी भी उनका मंत्री पद जा सकता है। हो सकता है कि पार्टी उन्हें कुछ समय के लिए पार्टी से भी निष्कासित कर दे? मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि किसी को ठेस पहुंचाना मेरा उद्देश्य नहीं था। वीडियो में विजय शाह ने ये कहा कि जय हिंद, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मन दुखी और विचलित था। मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर और सम्मान हमेशा रहा है। मेरे द्वारा कहे गए शब्दों से समुदाय धर्म और देशवासियों को दुख पहुंचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी। मेरा आशय किसी भी धर्म जाति या समुदाय को ठेस पहुंचाना या आहत करना नहीं था। भूल वश अपने द्वारा कहे गए शब्दों के लिए मैं पूरी तरह भारतीय सेना, बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और देशवासियों से पूरी तरह क्षमा प्रार्थी हूं और पुनः हाथ जोडक़र आप सबसे माफी मांगता हूं।

### विजय शाह के माफी का यह तीसरा वीडियो

बयान पर विवाद होने के बाद पहली बार सफाई देते हुए मंत्री शाह ने कहा था कि मेरे बयान को गलत संदर्भ में न लें। इसके बाद भी मामला तूल पकड़ता गया तो उन्होंने दूसरा वीडियो जारी किया और माफी मांगी। इस माफी के साथ ही उन्होंने अपने परिवार की सेनाओं से जुड़ी पृष्ठभूमि के बारे में बताया। इसके बाद हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए एफआईआर के आदेश दे दिए। मामले में शाह सुप्रीम कोर्ट गए वहां से भी राहत नहीं मिली। बल्कि एसआईटी गठित कर जांच के आदेश जारी हो गए। अब शाह ने माफी मांगते हुए तीसरा वीडियो जारी किया है।

### मंत्री विजय शाह ने आखिर क्या कहा था...

मंत्री विजय शाह 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था कि उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा।

शाह ने आगे कहा कि अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा, कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है, तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर ले सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसआरटी कर रही जांच

विजय शाह के इस बयान का वीडियो सामने आने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। विजय शाह इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो वहां भी उनकी माफी नामंजूर कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तीन सदस्यीय एसआरटी मामले की जांच कर रही है।

रेलवे पुलिस ने की कार्रवाई ...

# 6 महिलाओं का गिरोह पकड़ाया

## रेलवे स्टेशन पर करती थीं चोरी की वारदातें

**इंदौर (नगर संवाददाता)। रेलवे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 महिलाओं के गिरोह को पकड़ा हैं, जो रेलवे स्टेशन पर मौका पाकर यात्रियों के सामान चुरा लेती थी। पकड़ी गई सभी महिलाए दिल्ली और महाराष्ट्र की रहने वाली हैं, इनसे चोरी की एक वारदात का खुलासा भी हुआ है।**

गत 21 मई 2025 को एक महिला फरियादिया अपने पति के साथ महाकाल एक्सप्रेस से इंदौर से कानपुर जाने के लिए प्लेटफार्म 5-6 पर कोच बी-3 में चढ़ रही थीं। तभी भीड़ का फायदा उठाकर कुछ महिलाओं ने उन्हें धक्का दिया और उनके हैंडबैग की चैन खोलकर 16 ग्राम वजनी, करीब 1 लाख 45 हजार कीमत का सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। महिला की शिकायत पर जीआरपी थाना इंदौर में तत्काल केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक रेलवे इंदौर द्वारा मनीषा पाठक सोनी, अति. पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रश्मि पाटीदार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में उनि ममता अलावा, प्रआर सरनाम सिंह, अजय यादव, दशरथ और राजकुमार कैथवास को शामिल किया गया।

### यह महिलाएं आई गिरफ्त में

आरोपियों की खोजबीन शुरू की गई और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में दबिश देकर दिल्ली व नागपुर से आई संगठित महिला चोर गिरोह की 6 महिलाओं अर्चना पति दिनेश नाडे उम्र 40 वर्ष निवासी झुग्गी झोपडी रेलवे स्टेशन बीना हाल. निजामुद्दीन दरगाह बावलीगेड के पास दिल्ली , सोनी पति विनय शिंदे उम्र 25 वर्ष झुग्गी झोपडी रेलवे स्टेशन बीना हाल. निजामुद्दीन दरगाह बावलीगेड के पास दिल्ली, काजल पति विनोद रागपत्रे उम्र 40 साल निवासी झुग्गी झोपडी रेलवे स्टेशन बीना हाल. निजामुद्दीन दरगाह बावलीगेड के पास दिल्ली, मालती पति आरूष शिंदे उम्र 40 वर्ष निवासी झुग्गी झोपडी रेलवे स्टेशन बीना हाल. निजामुद्दीन दरगाह बावलीगेड के पास दिल्ली , जगमोहनी पति राघव लोधे उम्र 40 साल निवासी झुग्गी झोपडी रेलवे स्टेशन बीना हाल. निजामुद्दीन दरगाह बावलीगेड के पास दिल्ली , रेशमा उर्फ रेणुका पति शेर सिह उम्र 40 साल निवासी संतरा मार्केट नागपुर महाराष्ट्र हाल झुग्गी झोपडी सदर बाजार दिल्ली को गिरफ्तार किया गया।

### ऐसे की थी वारदात

पूछताछ में मालती ने चोरी की बात कबूलते हुए बताया कि उसने ही पीड़िता के बैग की चैन खोलकर मंगलसूत्र निकाला और साथी सोनी को छिपाने के लिए दे दिया। बाद में सोनी शिंदे से वह मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया।

### यह किया बरामद

महिला चोर गैंग से एक सोने का मंगलसूत्र,और अन्य वारदातों का एक मोबाइल,नकदी 3500, नकदी,1200 रुपए जब्त किए गए हैं। आरोपियों से अन्य प्रकरणों की भी जानकारी मिली है, जिनमें चोरी की घटनाएं शामिल हैं। महिला चोर गिरोह ने रेलवे स्टेशन को अपना निशाना बना रखा था और यात्रियों को भीड़भाड़ में लूट का शिकार बनाते थे।

## महिला से दुष्कर्म, फोटो वायरल करने की धमकी देकर करता रहा शोषण

**इंदौर।** युवक द्वारा युवती से दोस्ती के बाद शारीरिक संबंध बनाए गए।इस दौरान आपत्तिजनक फोटो ले लिए गए।बाद में इन फोटो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए वह दुष्कर्म करता रहा। युवती ने अब पुलिस की शरण लेते हुए शिकायत दर्ज करवाई हैं।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी गोपाल पिता महादेव सिंह वैश निवासी कुशवाह नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं।पुलिस को दर्ज शिकायत में पीड़िता ने बताया कि पडोस मे रहने वाले गोपाल से हमारी जान पहचान थी जिससे हम दोनो की मोबाइल पर बातचीत, वाटसअप पर चेटिंग होती थी। इसी दौरान हम दोनो की आपसी सहमति से हमारे बीच संबंध बने थे परंतु गोपाल ने मेरे कुछ फोटो ले लिये थे जिनको मेरे घर वालो को दिखाने की धमकी देकर मुझे अपने घर बुलाकर मेरे साथ संबंध बनाता था जिससे मैं परेशान हो चुकी हूं ।

# वाहनों में तोडफोड़ करने वाले बदमाश पकड़ाए

**इंदौर।** घर के बाहर खड़े वाहनों में तोडफोड़ करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिर तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने धारदार हथियार बरामद किए हैं। एसीपी विवेक चौहान ने बताया कि विगत दिनों मल्हारगंज के रामबली नगर व थाना एरोड्रम थाना क्षेत्र से संगम नगर में कुछ बदमाशों ने घर के बाहर खड़े 15 से अधिक वाहनों में तोडफोड़ कर दी थी साथ ही धारदार हथियार लहराकर दहशत फैलाने का प्रयास किया था। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और बदमाशों की गिर तारी के लिए मल्हारगंज थाना प्रभारी वेदेंद्र कुशवाह, एरोड्रम थाना प्रभारी तरूण सिंह भाटी और सदरबाजार थाना प्रभारी यशवंत बडोले के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले और आरोपियों की पहचान योगेशा पता अरूण यादव निवासी शिवकंठ नगर, रोहित उर्फ कालू पिता कमलेश यादव निवासी गोविंद नगर, विनय पिता कामेश्वर पासवान निवासी गोविंद नगर और अभिषेक पिता दुले सिंह निवासी बाणगंगा,आशीष उर्फ गांधी पिता बाबूराव पांडे निवासी गोविंद नगर खारचा,पीयुष उर्फ पेलू पिता कुशवाह नगर और कृष निवासी कुशवाह नगर के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी ककर योगेश यादव,रोहित उर्फ कालू,विनय पासवान,अभिषेक सिंह पंवार और एक नाबालिग को गिर तार कर लिया जबकि आशीष उर्फ गांधी,पीयुष उर्फ पेलू और कृष की तलाश की जा रही है। गिर त में आए बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे जिसके चलते उनके हाथ पैर टूट गए।

# 22 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ाया तस्कर

**इंदौर (नगर संवाददाता)। क्राइम ब्रांच की टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 5 लाख रुपए कीमत की 22 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है।**

आदतन आरोपी के विरुद्ध चोरी , आबकारी, एवं आर्म्स एक्ट के कई अपराध पहले से दर्ज हैं।शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निदेशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से लगातार आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है ।

इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थो की गतिविधियों में लिप्त संदिग्धों की चेकिंग करते एमएस कोरल वेली धार रोड इंदौर में संदिग्ध व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देख घबराने लगे, जिसे घेराबंदी कर रोका, जिससे पूछताछ पर आरोपी के द्वारा अपना नाम मुस्ताक खान उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम माचल धार रोड इंदौर होना बताया । आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि नशा करने का आदि है एमडी ड्रग्स सस्ते दामों पर लाकर शहर में सप्लाई करने का था इरादा।आरोपी के कब्जे से 22 ग्राम ड्रग्स जप्त कर, आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में केस दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# मोहसिन के खिलाफ पीड़िताओं ने दिए बयान

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** शूटिंग कोच मोहसीन खान के खिलाफ गुरुवार को रेप और छेड़छाड़ को लेकर दो और एफआईआर दर्ज की गई थी। अब तक उस पर तीन मामले दर्ज किए जा चुके हैं। रेप और छेड़छाड़ की पीड़िताओं को शुक्रवार को अन्नपूर्णा पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट लेकर पहुंची। यहां उनके बयान कराए गए। अब मामले में आरोपी शूटिंग कोच मोहसिन को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर ला सकती है। उससे और घटनाओं के बारे में पूछताछ की जाएगी। इसके साथ ही उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया जाएगा। अन्नपूर्णा पुलिस ने गुरुवार को महिला वकील की शिकायत पर मोहसिन खान पर रेप का केस दर्ज किया। वहीं आदिवासी महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई गई। रात में पुलिस ने उनका मेडिकल कराया था। शुक्रवार को महिला बल के साथ जिला कोर्ट में पीड़िताओं के धारा 164 के बयान दर्ज कराए गए हैं। अब पुलिस इस मामले में आगे जांच कर रही है।

### प्रोडक्शन वारंट पर लाकर होगी पूछताछ

पुलिस अफसरों के मुताबिक पीड़िताओं के बयान होने के बाद मोहसिन को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर बाहर लाया जा सकता है। घटनास्थल की तफ्तीश करने के साथ उससे और पूछताछ की जाएगी। इधर उसके मोबाइल में मिले नकली नोट की चैटिंग को लेकर भी पूछताछ की जाएगी।

## इंदौर में खुले दो नए फिटनेस सेंटर, अकेले सेंटर की दादागीरी खत्म

**इंदौर।** इंदौर में कमर्शियल वाहनों की फिटनेस जांच के लिए इसी माह दो नए ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर शुरू हो गए हैं। इसके बाद अब इंदौर में कुल तीन फिटनेस सेंटर हो चुके हैं। इसके कारण इंदौर में पहले चल रहे एकमात्र सेंटर की दादागीरी खत्म हो चुकी है। जिसके कारण फिटनेस जांच के दौरान मनमानी और अवैध वसूली पर भी नियंत्रण लगा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वाहनों की फिटनेस जांच को ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर्स से ही किया जाना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद मध्यप्रदेश में 12 जुलाई 2024 से इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में बने निजी ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर्स से वाहनों की जांच शुरू की गई थी। इंदौर में पहला फिटनेस सेंटर नेमावर रोड पर वेदांती कंपनी ने शुरू किया था। शुरुआत से ही कंपनी को लेकर वाहन मालिकों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत की जा रही थी।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com